अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना,
चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 198- ● जबलपुर ● शनिवार, 19 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 3 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

रोहित -द्रविड़ के बारे में... पेज 7

आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 22.9डिसे
दोपहर 12 बजे तक 27 डिसे
भारी बारिश के आसार

» न्यूज गैलरी

पहलवान अंतिम पंघाल ने रचा इतिहास

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया। अंतिम अंडर 20 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में लगातार दो बार गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई हैं। उन्होंने भोपाल में 53 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। अंतिम ने यूक्रेन की मारिया येफ्रेमोवा को 4-0 से हराया। पिछले साल वो जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं। अंतिम अब सीनियर स्तर पर भी खेलती हैं।

मप में मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में संशोधन

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

बीपीएल कार्डधारी , अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी जिनके पिता/पालक की आय 8 लाख तक हो, उनको मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना का लाभ मिल सकेगा। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में शुक्रवार देर शाम संशोधन आदेश जारी किया गया है।आदेशानुसार ऐसे विद्यार्थी जिनके पिता पालक की आय 8, लाख रुपये से कम हों वे योजना के लिए पात्र होंगे, परंतु ऐसे विद्यार्थी जिनके पिता /पालक की वार्षिक आय 8 लाख तक है तथा वह बीपीएल कार्डधारी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी है तथा कंडिका क्रमांक 3.1,3.2,3.3,3.4 एवं 3.5 में उल्लेखित शर्तों के कारण योजना में सम्मिलित नहीं हो पा रहे हों, उनको विशेष प्रकरण मानते हुए इनके संबंध में विभागीय समन्वय में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त कर उन्हें योजना में सम्मलित कर सकेंगे। ऐसे विद्यार्थियों को जिन्हें योजना में एक बार लाभ प्राप्त हो जाने के बाद यथा निर्दिष्ट शर्तों के अधीन आय की सीमा 8, लाख रुपये से अधिक होने पर भी पाठ्यक्रम के पूर्ण होने तक योजना के लाभ की पात्रता होगी यह संशोधन शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू होगी।

अमेठी से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

लखनऊ ● एजेंसी
yashbharat.co.in

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी। इसके साथ ही उन्होंने प्रियंका गांधी से वाराणसी से चुनाव लड़ने की गुजारिश की है। राय ने आगे कहा कि स्मृति ईरानी ने वादा किया था कि कमल का बटन दबाइए 13 रुपए किलो चीनी मिलेगी, क्या वो दिलवा पाईं? राहुल गांधी 2004 से लगातार तीन बार अमेठी से सांसद रह चुके हैं। लेकिन, 2019 में उन्हें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 55 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया। माना जाता है कि राहुल को पहले से ही इस हार की आशंका थी, इसलिए उन्होंने केरल की वायनाड सीट से भी नामांकन दाखिल किया था। वहां से राहुल बड़े मतों से जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।

10 में से 9 स्टूडेंट ने स्कूल छोड़ा, तो टीचर ने कर ली आत्महत्या

पुणे ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पुणे में एक सिंगल टीचर प्राइमरी स्कूल के अध्यापक ने इसलिए सुसाइड कर लिया कि उसके स्कूल के महज 10 छात्रों में 9 ने किसी और स्कूल में एडमिशन ले लिया था. उनके स्कूल में महज एक स्टूडेंट बचा था. इस कारण से वह काफी परेशान हो गए थे. 3 अगस्त को 46 साल के अरविंद देवकर ने दो कक्षाओं में से एक में कथित तौर पर जहरीली जड़ी-बूटी खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की. पांच दिन बाद उनकी मौत एक अस्पताल में हो गई. पुलिस ने कहा कि व्हाट्सएप पर एक रिश्तेदार को भेजे गए सुसाइड नोट से पता चलता है कि वह अपने 9 छात्रों को नहीं रोक पाने से परेशान था, जो 2 किमी. दूर दूसरे स्कूल में चले गए थे।

7 शिशुओं की हत्या में नर्स दोषी, भारतीय डॉक्टर के कारण पकड़ी गई

किसी बच्चे के पेट में हवा भरी तो किसी को दिया इंसुलिन

लंदन ● एजेंसी
yashbharat.co.in

ब्रिटेन में एक अस्पताल की नर्स को शुक्रवार को सात शिशुओं की हत्या करने और छह अन्य शिशुओं की हत्या की कोशिश करने का दोषी पाया गया। लूसी लेटबी (33) पर आरोप है कि वर्ष 2015 से 2016 के बीच उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में 'काउंटेस ऑफ चेस्टर' अस्पताल में काम करने के दौरान उसने सात शिशुओं (पांच बालक और दो बालिका) की हत्या कर दी थी, जबकि छह अन्य शिशुओं की हत्या करने की कोशिश की। उसपर आरोप है कि उसने रक्त प्रवाह में हवा पहुंचाने, 'नैसोगैस्ट्रिक ट्यूब' के माध्यम से उनके पेटों में हवा और दूध पहुंचाने समेत विभिन्न तरीकों से इन नवजात शिशुओं को जान-बूझकर नुकसान पहुंचाया।उस पर यह भी आरोप है कि उसने शिराओं के माध्यम से दिये जाने वाले पोषण में इंसुलिन मिलाया जिसने शिशुओं के शरीर में जहर का काम किया तथा सांस वाली नलियों में छेड़छाड़ की। हालांकि, नर्स ने सभी आरोपों से इनकार किया है। भारतीय मूल का एक बाल चिकित्सक उन लोगों में शामिल है जिनकी मदद से ब्रिटिश अदालत ने शुक्रवार को नर्स को शिशुओं की हत्या का दोषी ठहराया। चेस्टर के 'काउंटेस ऑफ चेस्टर' अस्पताल के चिकित्सक रवि जयराम ने कहा कि इस पूर्व नर्स के बारे में यदि उनकी चिंताओं पर ध्यान दिया गया होता और पुलिस को खबर दी गयी होती तो कुछ शिशुओं की जान बचायी जा सकती थी।

तीन शिशुओं की मौत के बाद हुआ था शक

मैनचेस्टर उन अदालत में जूरी ने नर्स लूसी लेटबी (33) को शुक्रवार को सात नवजात शिशुओं की हत्या करने और छह अन्य शिशुओं की हत्या की कोशिश करने का दोषी पाया। उसे सोमवार को इसी अदालत में सजा सुनायी जाएगी। जयराम ने फैसले के बाद 'आईटीवी न्यूज' से कहा, 'मैं वाकई मानता हूं कि चार या पांच बच्चे, जो आज स्कूल जा रहे होते, (इस दुनिया में) नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि जून, 2015 में तीन शिशुओं की मौत के बाद पहली बार चिकित्सक चिंता प्रकट करने लगे तथा जब और बच्चों की मौत हो गयी तब उनके जैसे कुछ वरिष्ठ चिकित्सकों ने लेटबी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए अस्पताल के वरिष्ठ कार्यकारियों के साथ कई बैठकें की।

13 शिशुओं पर किया हमला

आखिरकार, अप्रैल, 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा न्यास (नेशनल हेल्थ सर्विस ट्रस्ट) ने चिकित्सकों को एक पुलिस अधिकारी से मिलने की अनुमति दे दी।



कल भोपाल से गरीब कल्याण महाभियान का शुभारंभ करेंगे अमित शाह

भोपाल यशभारत। विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश में लगातार दौरे चल रहे हैं। प्रधानमंत्री हाल ही में सागर आए थे और संत रविदास लोक के लिए भूमि पूजन करके गए हैं। रविवार (20 अगस्त) को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भोपाल आ रहे हैं। वे यहां से गरीब कल्याण महाभियान का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम अंतरराष्टीय कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता शामिल होंगे।महा अभियान के शुभारंभ के बाद अमित शाह ग्वालियर रवाना हो जाएंगे। वहां वे अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे।

सधे कदमों से चांद की राह पर

अब महज 113 किमी दूर सफल रही पहली डीबूस्टिंग

बेंगलूर ● एजेंसी
yashbharat.co.in

चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल की गति धीमी (डीबूस्टिंग) करने की पहली प्रक्रिया सफल रही और अब वह चांद से महज 113 किमी की दूरी पर पहुंच गया है। इसरो ने शुक्रवार को बताया कि लैंडर मॉड्यूल पूरी तरह सामान्य तरीके से काम कर रहा है। उस पर लगे कैमरे ने चांद के करीब से खींचे गए कई मनोरम चित्र भी भेजे हैं। पहली सफल डीबूस्टिंग के बाद लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान वाला पूरा मॉड्यूल अब चांद से अधिकतम 157 किमी की दूरी वाली कक्षा पर है। दूसरी डीबूस्टिंग 19-20 अगस्त की दरम्यानी रात दो बजे होगी। 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग होगी। लैंडर 35 दिन की अंतरिक्ष यात्रा के बाद बृहस्पतिवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हुआ था। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद छह पहियों वाला रोवर प्रज्ञान विक्रम से बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस (धरती के 14 दिन) की अवधि तक सतह पर प्रयोग करेगा।इसरो के मुताबिक, लगभग 30 किमी की ऊंचाई पर, लैंडर पावर्ड ब्रेकिंग चरण में प्रवेश करता है।

कारगिल: द्रास में कबाड़ी की दुकान में धमाका, 3 लोगों की मौत...9 घायल

कारगिल ● एजेंसी
yashbharat.co.in

लद्दाख के कारगिल जिले में शुक्रवार को एक दुकान के अंदर एक संदिग्ध सामान में धमाका होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए. कारगिल के डिप्टी कमिश्नर श्रीकांत सुसे ने मीडिया को बताया कि नौ घायलों में से दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है. अधिकारियों के मुताबिक यह विस्फोट द्रास के कबाड़ी नाला इलाके में एक स्क्रैप डीलर की दुकान के अंदर हुआ. मरने वालों में एक बहरी शख्स भी शामिल है.डिप्टी कमिश्नर सुसे ने कहा कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और उन्हें जरूरत के मुताबिक बेहतरीन इलाज दिया जा रहा है. डीसी कारगिल और एसएसपी कारगिल ने घायलों की हालत के बारे में जानकारी लेने के लिए जिला अस्पताल कारगिल कुर्बाथांग का दौरा किया. इसके अलावा मृतकों के परिवारों को रेड क्रॉस फंड के तहत कुछ अंतरिम राहत भी दी जा रही है. इस बीच जिला प्रशासन और कारगिल पुलिस ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई है. द्रास पुलिस स्टेशन में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और आगे की जांच चल रही है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक द्रास इलाके में कबाड़ी नाला में स्क्रैप डीलर की दुकान में हुए विस्फोट में जम्मू के 2 मजदूरों सहित 3 मजदूरों की मौत हो गई. कबाड़ी की दुकान में हुआ यह विस्फोट शक्तिशाली था. बताया जाता है कि यह विस्फोट मजदूरों के स्क्रैप के रूप में लिए गए एक उपकरण के साथ छेड़छाड़ के दौरान हुआ. मृतकों की पहचान खयादल द्रास के शब्बीर अहमद, विनोद कुमार और संगीत कुमार के रूप की गई है. विनोद कुमार और संगीत कुमार जम्मू के नरवाल के रहने वाले हैं. दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई।

छोटे कद के बड़े हौसले

भोपाल के राहुल ने केबीसी में जीते 50 लाख

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

लोकप्रिय गेम शो च्कौन बनेगा करोड़पतिज (केबीसी) का नया सीजन टेलीविजन पर धूम मचा रहा है। सोनी टीवी पर केबीसी के गुरुवार व शुक्रवार को प्रसारित किए गए एपिसोड्स में भोपाल के राहुल नेमा बिग बी के सामने हाट सीट पर नजर आए। राहुल ने इस शो में 14 प्रश्नों का सही जवाब देकर 50 लाख रुपए जीतने में सफलता प्राप्त की। एक करोड़ रुपये के 15वें सवाल पर वह अटक गए और उन्होंने क्विट कर दिया। 31 वर्षीय राहुल भोपाल में रायसेन रोड स्थित एक कालोनी में रहते हैं और मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाहपुरा ब्रांच में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।राहुल नेमा एक गंभीर व्याधि से ग्रस्त हैं, जिसकी वजह से उनकी हड्डियां बहुत नाजुक हैं और मामूली झटका लगने पर भी टूट जाती हैं।

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की चेतावनी

चीन और रूस की ओर से हो सकता है बड़ा जासूसी, सैटेलाइट हमला

वाशिंगटन ● एजेंसी
yashbharat.co.in

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अपने डोमेस्टिक स्पेस इंडस्ट्री को चीन, रूस और अन्य विरोधियों से जासूसी और सैटेलाइट अटैक के खतरे को लेकर चेतावनी जारी की है. एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका की स्पेस एक्सप्लोरेशन से जुड़ी कंपनियों को विरोधियों से खतरा है. वे 'रणनीतिक निवेश (संयुक्त उद्यम और अधिग्रहण सहित), अंतरिक्ष उद्योग तक पहुंच' प्राप्त करने के लिए सप्लाई नोड्स और अन्य दूसरी टेक्नोलॉजी को सैटेलाइट अटैक के जरिए टारगेट बना सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार नेशनल काउंटर इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी सेंटर, फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन और यूएस एयर फोर्स द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से जारी एक बुलेटिन में इसकी चेतावनी दी गई है. बुलेटिन में कहा गया है कि 'इस तरह के विदेशी खुफिया अभियान कंपनी के रहस्यों के साथ-साथ अमेरिकी उपग्रह संचार, रिमोट सेंसिंग और इमेजिंग क्षमताओं को बाधित और खराब करने के लिए खतरा पैदा करते हैं.'रिपोर्ट की मानें तो उपग्रहों पर हाल के कई हमलों और बढ़ती मान्यता के बाद यह बात सामने आई है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों तेजी से अंतरिक्ष पर निर्भर हैं।

भाई को था महंगा आईफोन खरीदने का शौक अपनी ही नाबालिग बहन का किया अपहरण

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

राजधानी दिल्ली के भलस्वा डेरी में एक नाबालिग ने आईफोन खरीदने के लिए अपनी तीन वर्षीय चचेरी बहन का ही अपहरण कर लिया और दो लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस ने सर्विलांस के आधार पर तीन घंटे के भीतर ही नाबालिग सहित दो आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में मालूम हुआ कि नाबालिग ने ही आरोपी अमित के साथ मिलकर साजिश रची थी। जानकारी के अनुसार, बच्ची परिवार सहित भलस्वा डेरी के बसंत दादा पाटिल नगर में रहती है। पिता अजेश कुमार की जूस की दुकान है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अजेश की बेटी नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में सुबह 10 से 12 बजे तक जाती थी। वह बुधवार को भी आंगनबाड़ी गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों को कुछ ही देर बाद आरोपियों ने फोन पर बेटी के अपहरण की बात कही और दो लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद पीड़ित पिता ने भलस्वा डेरी थाने में फिरौती के लिए अपहरण की धारा में केस दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने करीब तीन घंटे के भीतर सर्विलांस के आधार पर भलस्वा झील के जंगल से बच्ची को सकुशल बरामद कर अमित को गिरफ्तार कर लिया। अमित ने बताया कि बच्ची के नाबालिग चचेरे भाई ने साजिश रची थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नाबालिग भी बच्ची के घर के बगल में रहता है। अमित भी दूर का रिश्तेदार है। दरअसल, दोनों आईफोन खरीदना चाहते थे।

चीनी नागरिक की करतूत: गुजरात के 1200 लोगों को लगाया चूना

फुटबॉल सट्टेबाजी ऐप से 9 दिनों में उड़ाए 1400 करोड़

अहमदाबाद ● एजेंसी
yashbharat.co.in

एक चीनी नागरिक ने स्थानीय साझेदारों के साथ मिलकर एक फुटबॉल सट्टेबाजी ऐप तैयार किया, जिसने उत्तरी गुजरात के लगभग 1200 लोगों को फंसाया। इससे पीड़ितों को नौ दिनों के भीतर 1400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देख गुजरात पुलिस ने धोखाधड़ी के पीछे के मास्टरमाइंड का खुलासा करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। इस खोज ने अंततः चीन के शेनझेन क्षेत्र के निवासी वू उयानबे को मास?टर माइंड के रूप में चिन्हित किया। उयनबे ने गुजरात के पाटन और बनासकांठा क्षेत्रों में घोटाले को अंजाम दिया। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को पहली बार जून 2022 में इस धोखाधड़ी का पता चला।यह खोज 'दानी डेटा' नाम के ऐप के तहत काम करने वालों के एक समूह द्वारा शुरू किया गया था, जो गुजरात और उत्तर प्रदेश में व्यक्तियों को लक्षित कर रहे थे। जवाब में, उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक जांच शुरू की, इससे उत्तरी गुजरात के व्यक्तियों के साथ संबंध का पता चला। बाद की जांच से पता चला कि चीनी नागरिक 2020 और 2022 के बीच भारत में मौजूद था और पाटन और बनासकांठा में स्थानीय लोगों के साथ बातचीत कर रहा था। वित्तीय लाभ के वादे से आकर्षित होकर, उयानबे और उनके गुजरात स्थित सहयोगियों ने मई 2022 में भ्रामक ऐप लॉन्च किया। एप्लिकेशन ने उपयोगकर्ताओं को ऐप के भीतर लगाए गए दांव पर पर्याप्त रिटर्न का लालच दिया। उयानबे ने प्रतिदिन औसतन 200 करोड़ रुपये जमा करने में कामयाबी हासिल की। दांव लगाने वालों में 15 से 75 वर्ष की आयु के व्यक्ति शामिल थे।फुटबॉल मैचों के उत्साह का लाभ उठाते हुए, धोखाधड़ी वाले ऐप ने मुख्य रूप से शोषण के लिए इस खेल पर ध्यान केंद्रित किया। लेकिन केवल नौ दिनों के संचालन के बाद, ऐप ने काम करना बंद कर दिया, इससे पीड़ितों को एहसास हुआ कि उनका निवेशित धन गायब हो गया है। जांच के बाद, सीआईडी की साइबर सेल ने नौ लोगों को पकड़ा।

बरेली में फिर बवाल

शीशगढ़ में धार्मिक टिप्पणी से आक्रोशित भीड़ ने आरोपी का घर घेरा पथराव; सीओ से धक्कामुक्की

बरेली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

बरेली के शीशगढ़ में इंस्टाग्राम पर किशोर की ओर से की गई धार्मिक टिप्पणी से कस्बे में तनाव फैल गया गया। दूसरे समुदाय की भीड़ ने पहले थाना घेरा, फिर आरोपी के घर पहुंच गई। भीड़ ने बाहर से घर बंद कर पथराव किया। समझाने पहुंचे सीओ से भी धक्कामुक्की कर दी। देर रात हजारों लोगों की भीड़ घर के सामने मैदान में बैठ गई। रात करीब दो बजे पुलिस ने दोनों किशोरों को पकड़ लिया, तब जाकर भीड़ शांत हुई। शीशगढ़ कस्बे में रामलीला ग्राउंड के सामने रहने वाला शख्स मोबाइल कंपनी का स्थानीय डीलर है। उनका 14 साल का बेटा कक्षा नौ में पढ़ता है। बताते हैं कि बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर बहस के दौरान उसके बेटे ने दूसरे समुदाय को लेकर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी कर दी। दूसरे समुदाय के लोगों ने इसका स्क्रीनशॉट ले लिया। फिर उस पर तीखे कमेंट लिखकर वायरल किया गया।

सम्मेलन

मुख्यमंत्री ने पन्ना के गुनोर से किया चुनावी शंखनाद, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

अपनी बहनों की आंखों में नहीं आने दूंगा आंसू : शिवराज सिंह

भोपाल, पन्ना ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पन्ना जिले के गुनोर में लाड़ली बहना सम्मेलन में लाडली बहना से सीधे संवाद किया। सीएम शिवराज ने कहा कि मैं अपनी बहनों की आंखों में आंसू नहीं आने दूंगा. राखी के धागे की कसम खाता हूं किसी भी बहन को कष्ट नहीं होने दूंगा. मैं आपका सगा भाई हूं. आपके हर सुख-दुख में साथ हूं. अभी 1000 दे रहा हूं आगे 3000 प्रतिमाह दूंगा बहनों के पैसे से उनका घर चलेगा. मैं और मोदी जी आपके साथ हैं। डबल इंजन की सरकार हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ी है. राखी के संबंध को निभाना, आप लोग एक बार भारतीय जनता पार्टी का फिर साथ देना और मेरे गुनौर प्रत्याशी राजेश वर्मा को जिताना। भारी जन समुदाय के बीच मुख्यमंत्री ने चुनावी शंखनाद भी कर दिया. उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में नर्मदा का पानी आएगा. इसका हम लोग परीक्षण कर रहे हैं. और जो आप चाहते हो सब मेरी सरकार करेगी। दूसरी ओर, मंच से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने सरकार की तारीफ की. उन्होंने जनता से भारतीय जनता पार्टी का साथ देने की अपील की. दोनों नेताओं ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। गौरतलब है कि कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल के स्टेट हेंगर से शुक्रवार को खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे. उसके बाद हेलीकॉप्टर से गुनोर विधानसभा पहुंचे. इसके बाद यहां उनका रोड शो हुआ. रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा. इस रोड शो के साथ लाडली बहना की टोली भी साथ चल रही थी. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मुनेर वासियों आपके स्नेह और आत्मीयता ने मुझे ऋणी बना दिया. गुनोर में विकास की गंगा बहे, जनता का जीवन खुशहाल हो, यही मेरा संकल्प है.

677 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

मेरी बहनों ने जो विश्वास मुझपर जताया है, उसे कभी टूटने नहीं दूंगा क्योंकि बहनों की खुशी से बढ़कर मेरे लिए कुछ नहीं है. गौरतलब है कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पन्ना जिले के गुनोर 677 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को कई सौगातें दीं. उन्होंने गुनेर में आयोजित मुख्यमंत्री लाडली बहना सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पन्ना जिले के गुन्नौर क्षेत्र में नर्मदा जल लाने के लिए तकनीकी परीक्षण करवाया जाएगा। जिले के नागरिकों को नर्मदा मैया का पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

हिमाचल प्रदेश आपदा प्रभावित राज्य घोषित

उत्तराखंड में भी पर्यटकों के लिए अलर्ट जारी

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन के बाद आपदा प्रभावित राज्य घोषित कर दिया गया है। गौरतलब है कि आधिकारिक तौर हिमाचल प्रदेश में अभी तक प्राकृतिक आपदा के कारण 330 लोगों की मौत दर्ज की गई है और 12 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। एक अनुमान के मुताबिक, राज्य सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान का आकलन किया है। विशेषकर, कृषि व बागवानी को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई है।राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचनाहिमाचल सरकार ने प्राकृतिक आपदा प्रभावित राज्य घोषित करने से संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना भी जारी कर दी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हमने हिमाचल को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। केंद्र सरकार को अब जल्द ही राज्य के लिए आर्थिक सहायता भेजना चाहिए।हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश व भूस्खलन के कारण कई जिलों में संचार व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

शुभांक –2–5–7

जारी रहेगा भारी बारिश का दौर, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

जलप्लावन से जूझने मजबूर निचले इलाकों के रहवासी, सड़कों ने लिया तालाब का रूप

जबलपुर,यशभारत। शहरवासियों और जिले के रहवासियों के लिए बारिश के काले बादल थमे नहीं हैं। निचले इलाकों और शहर में कई जगह हो रहे जलप्लावन की समस्या और बढ़ने वाली है क्योंकि मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में जबलपुर और उसके आसपास इलाकों में अतिभारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। करीब 10 दिनों के अंतराल के बाद बीते 2 दिन से शहर में हो रही लगातार बारिश ने पीडब्ल्यूडी विभाग, एनसीसी कंपनी और नगर निगम की कार्यप्रणाली की एक पोल फिर से खोली जिसका खामियाजा लोगों और राहगीरों को भुगतना पड़ा। शहर की कई मुख्य सड़कें तालाब के रूप में तब्दील हुईं तो निचले इलाकों के रहवासी अपने-अपने घरों में घुसे पानी को बाहर फेंकते नजर आए। सावन के अंतिम दौर में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। पिछले 24 घंटों में शनिवार सुबह तक साढ़े तीन इंच से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। इस सीजन में अब तक कुल 1087.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। समाचार लिखे जाने तक बूंदाबांदी जारी है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि आने वाले दिनों में जबलपुर सहित आसपास इलाकों में 4.5 से 8.5 इंच बारिश की संभावना है।

यह है नगर का मुख्य मार्ग

रानीताल का दृश्य

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती असर से हो रही बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती असर से जबलपुर सहित संभाग के जिलों में वर्षा का सिलसिला रुक-रुक कर जारी है। अभी तक कुल वर्षा का आंकड़ा 43 इंच के पार पहुंच चुका है जो कि जबलपुर में होने वाली औसत वर्षा से करीब 9 इंच दूर है। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान जबलपुर सहित संभाग के मंडला, डिंडौरी, सिवनी, बालाघाट सहित आस-पास के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा और कहीं- कहीं अत्याधिक वर्षा की संभावना है।

पुलिया निर्माण कार्य छोड़ा अधूरा, रहवासी निकलें तो निकलें कहां से...

रविकिरण सोसायटी के पास के रहवासी इन दिनों ठेकेदार की लापरवाही से बहुत परेशान हैं क्योंकि यहां पर पिछले दस दिनों से ठेकेदार ने कर्मचारियों के साथ मिलकर कॉलोनी में पुलिया को खोदकर छोड़ दिया है जिससे आवागमन में भी क्षेत्रीय रहवासियों को परेशानी हो रही है। क्षेत्रीय रहवासियों का कहना है कि ठेकेदार के कमीशन के चक्कर में खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।

» न्यूज गैलरी

9 वर्ष के इंतजार के बाद कोर्ट से मिला न्याय

जबलपुर,यशभारत। प्रकरण क्रमांक आरसीटी 3032-2014 में 9 वर्ष के इंतजार के बाद पीड़ित को न्याय मिला है। आरोपी अनिल कुमार साहू को विजय नगर थाना द्वारा एक प्रकरण में आरोपी बनाया गया था जिसे अभियोजन अपना अपना पक्ष प्रमाणित कर सकने में पूर्ण रूप से अक्षम अथवा असफल रहा वह एक भी गवाह न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं करा सका । आखिर में माननीय न्यायालय द्वारा आईजी के माध्यम से भी साक्षियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए किंतु पुलिस फरियादी गण को न्यायालय में उपस्थित कराने में पूर्ण रूप से असफल रही। आरोपी के अधिवक्ता राजेश पंजवानी द्वारा न्यायालय के समक्ष तर्क दिए गए कि भवन में तीसरी मंजिल पर प्लास्टर का कार्य चल रहा था और ठेकेदार द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था जैसे बाहर जाल तथा बेलदारों के लिए हेलमेट और जूते सुरक्षा के रूप में प्रदान किए गए थे, लटक कर कार्य करने के लिए हुक की व्यवस्था थी निर्माणाधीन भवन की पांचवी मंजिल में कोई भी कार्य नहीं चल रहा था किंतु मृतक बगैर किसी कार्य के पांचवी मंजिल पर चला गया था और वहां फोन पर बात करते हुए ओटीएस से नीचे गिर गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई अतः उपरोक्त संदर्भ में आरोपी अनिल कुमार साहू का कोई भी दोष नहीं था अपितु मृतक स्वयं जिम्मेदार था अधिवक्ता राजेश पंजवानी के तर्क को उचित मानते हुए न्यायालय ने आरोपी अनिल कुमार साहू को प्रकरण से दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया है। प्रकरण में राजेश पंजवानी अधिवक्ता और मनोज सनपाल अधिवक्ता ने पैरवी की है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने आज और कल आयोजित होंगे विशेष शिविर

जबलपुर,यशभारत। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में दो अगस्त से प्रारंभ हुये मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार 19 अगस्त और रविवार 20 अगस्त को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे । विशेष शिविरों के दौरान बीएलओ अपने मतदान केंद्र से सबंधित क्षेत्र का भ्रमण करेंगे तथा नये मतदाताओं खास तौर पर युवाओं एवं महिलाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने आवेदन करेंगे ।

मेयर इन काउंसिल की बैठक 21 अगस्त को

जबलपुर,यशभारत। मेयर इन कांउसिल की बैठक दिनांक 21 अगस्त सोमवार को शाम 4 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी मेयर इन कांउसिल के सचिव खूबचंद पांडेय के द्वारा दी गई है।

सावन का सातवां सोमवार और नाग पंचमी का संयोग

जबलपुर, यशभारत। अधिकमास खत्म होते ही एक बार फिर से सावन का बाकी बचा पवित्र महीना आरंभ हो गया है। 17 अगस्त 2023 से सावन का शुक्ल पक्ष आरंभ हो गया है। इस बार अधिकमास के कारण सावन का महीना करीब 58 दिनों तक है। सावन में भगवान शिव की विशेष पूजा आराधना करने का महत्व होता है और इसी सावन में आने वाली सभी सोमवार का दिन खास होता है। सोमवार का दिन भगवान शिव की पूजा आराधना के लिए समर्पित होता है। इस वर्ष सावन में कुल 8 सोमवार व्रत रखे जाएंगे। जिसमे से 6 सावन सोमवार पूरे हो चुके हैं और अब सावन का 7वां सोमवार आने वाला है। सावन का सातवां सोमवार बहुत ही खास रहने वाला है क्योंकि इस दिन नाग पंचमी का त्योहार भी मनाया जाएगा। भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए सावन सोमवार का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो भक्त सावन सोमवार पर विधि-विधान से साथ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करता है उसका दांपत्य जीवन सुखी और हर तरह की सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

सातवां सावन सोमवार 2023

अरुणोदय पंचांग के अनुसार सावन का 7वां सोमवार 21 अगस्त 2023 को है। हिंदू पंचांग के अनुसार सावन के सातवें सोमवार पर शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि है और सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। सावन सोमवार और नाग पंचमी के संयोग पर शिव उपासना का महत्व काफी बढ़ गया है क्योंकि नाग पंचमी पर नाग देवता है पूजा होगा और सावन सोमवार पर भगवान शिव की।

7वां सावन सोमवार 2023 मुहूर्त

सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 21 अगस्त 2023 को सुबह 12.21 मिनट से 22 अगस्त 2023 को प्रातः 02 बजे तक रहेगी।

नाग पंचमी पूजा मुहूर्त 2023

भगवान शिव और नाग देवता की पूजा का मुहूर्त – 21 अगस्त को सुबह 06.21 से सुबह 08.53 तक

शुभ (उत्तम) – सुबह 09.31 – सुबह 11.06



सावन सोमवार व्रत का महत्व

सावन महीने के प्रत्येक सोमवार को भगवान शंकर के मंदिर में जाकर उनकी पूजा करनी चाहिए और संभव हो तो निराहार व्रत करना चाहिए अथवा एक भुक्त अर्थात (एक समय भोजन) करना चाहिए। इससे भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं एवं शिव सायुज्य मुक्ति प्राप्त होती है।

नाग पंचमी की पूजा महत्व

हिंदू धर्म में सांपों की पूजा करने का विशेष विधान होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने से जीवन के संकटों का नाश होता है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार नाग पंचमी का पर्व हर सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन शिव मंदिरों में नाग देवता की विशेष पूजा की जाती है।

4 शुभ योग में आज मनाई जा रही हरियाली तीज

जबलपुर, यशभारत। आज 19 अगस्त को 4 शुभ योग में हरियाली तीज मनाई जा रही है. सावन शुक्ल तृतीया तिथि में बुधादित्य योग, सिद्ध योग, साध्य योग और रवि योग हैं.। हर साल हरियाली तीज सावन शुक्ल तृतीया तिथि को मनाई जाती है, जो इस वर्ष शुक्रवार रात 08.01 बजे से प्रारंभ हुई थी और आज रात 10.19 बजे तक रहेगी। इस पावन तीज पर शादीशुदा महिलाएं व्रत रखा और माता गौरी की पूजा कर कामना कर रहीं हैं,कि उनका वैवाहिक जीवन सुखी रहे, अखंड सौभाग्य मिले. विवाह योग्य युवतियों ने मनचाहे जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए इस व्रत को रखा है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार आज बुधादित्य योग पूरे दिन है. सिद्ध योग सूर्योदय से रात 09.19 बजे, उसके बाद से साध्य योग है, जो कल तक रहेगा. रवि योग देर रात 01 बजकर 47 मिनट से शुरू हुआ जो कल सुबह 05 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

हरियाली तीज की पूजा सामग्री

भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की मूर्ति, एक चौकी, सोलह श्रृंगार की वस्तुएं, हरी साड़ी, एक चुनरी, वस्त्र, लाल फूल, दूर्वा, हल्दी, कुमकुम, जनेऊ, अक्षत, कलश, घी, सिंदूर, बेलपत्र, भांग, धतूरा, पान, सुपारी, गंगाजल, दही, शहद, चंदन, फूल, माला, मिठाई, धूप, दीप, गंध आदि.

हरियाली तीज पूजा के लिए भोग

पूजा के दौरान आप माता पार्वती, शिवजी और गणेश जी को सूजी हलवा, शहद, खीर, घेवर, गुड़ की मिठाई आदि में से कोई भी भोग लगा सकते हैं.

हरियाली तीज व्रत की पूजा विधि

प्रातःकाल में स्नान आदि से निवृत होकर माता पार्वती और भगवान शिव को साक्षी मानकर हरियाली तीज व्रत और पूजा का संकल्प करें. फिर शुभ मुहूर्त में एक चौकी पर माता पार्वती, शिव जी और गणेश जी की मूर्तियां या तस्वीर को स्थापित कर दें. उसके बाद सबसे पहले गणेश जी की पूजा अक्षत, फूल, दूर्वा, चंदन, हल्दी, पान, सुपारी, धूप, दीप, जनेऊ आदि अर्पित करके करें. अब माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करें. माता पार्वती का पूजन लाल फूल, अक्षत, सिंदूर, माला, धूप, दीप, नैवेद्य, सोलह श्रृंगार की सामग्री चढ़ाकर करें. इस दौरान पूजा मंत्र का उच्चारण करें. फिर भगवान भोलेनाथ को अक्षत, फूल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, गंगाजल, शहद, चंदन, जनेऊ आदि चढ़ाएं और विधिपूर्वक पूजा करें. इसके बाद इनका प्रिय भोग अर्पित करें. प्रसाद चढ़ाएं. अब हरियाली तीज व्रत कथा सुनें. गणेश जी, भगवान शिव और माता पार्वती की आरती करें. पूजा के समापन पर माता पार्वती और शिव जी से अखंड सौभाग्य तथा सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देने की प्रार्थना करें. पूजा के बाद अपनी सास को सुहाग की सामग्री और प्रसाद देकर उनका आशीर्वाद लें. इस तरह से हरियाली तीज व्रत की पूजा करें.

हरियाली तीज पूजा मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
हे गौरी शंकरार्धांगी। यथा त्वं शंकर प्रिया।
तथा मां कुरु कल्याणी, कान्त कान्तां सुदुर्लभाम।
ओम उमामहेश्वराभ्यां नमः

हरियाली तीज का पूजा मुहूर्त

सुबह का शुभ समयः 07.30 बजे से 09.08 बजे तक था
दोपहर से शाम का शुभ समय- 02.03 बजे शुरू हुआ जो शाम 05.19 बजे तक रहेगा।

लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं की तो होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही: निगमायुक्त

जबलपुर,यशभारत। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कड़े रूख अपनाए और राजस्व वसूली के लक्ष्य को बढ़ाने टीम के सभी सदस्यों को हिदायद दी। इस दौरान निगमायुक्त ने चेतावनी दी कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने सभी 16 संभागों के वसूली की प्रगति की जानकारी ली और प्राप्त ऑकड़ों पर नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्व वसूली को और तेजगति से करने और लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, सहायक आयुक्त संभव अयाची, एवं सभी राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

पेंशनरों ने बकाया डीए की राशि के लिए सीएम को लिखा पत्र

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश राज्य पेंशनर फोरम के संभागीय संयोजक पीयूष वर्मा, सुरेश शर्मा, संजय वर्मा. बालमुकुन्द दुबे ने मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित करते हुए मांग की है कि पेंशनरों के 4 प्रतिशत बकाया डी.ए. को जल्द से जल्द दिया जाए जिससे पेंशनरों को आर्थिक परेशानी सेराहत मिल सके।

सत्यानंद योग केंद्र को मिला सम्मान

जबलपुर,यशभारत। पुलिस ग्राउंड में आयोजित समारोह में धर्म अध्यात्मक, समाजसेवा एवं योग के क्षेत्र में समर्पित संस्था सत्यानंद योग केंद्र गोलबाजार को मप्र शासन के पूर्व नगरीय आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सम्मानित किया ह। जानकारी के अनुसार नगरीय आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने संस्था के रवि शंकर श्रीवास्तव, विष्णु मिश्रा, हंसराज सोनी, कमलाकर तलवारे को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

एकता-सद्भाव की अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

जबलपुर ,यशभारत। कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी देशवासियों की भावनात्मक एकता तथा सद्भावना के लिये कार्य करने की शपथ ली । कर्मचारियों-अधिकारियों को सद्भावना की शपथ अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने दिलाई । विदित हो कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त प्रतिवर्ष सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस दिन सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सदभावना की शपथ ली जाती है ।

विजय पर्व पर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का वेतन काटने निगमायुक्त ने जारी किए आदेश

जबलपुर,यशभारत। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संस्कृति भवन में आयोजित विजय पर्व कार्यक्रम में अनुपस्थित अधिकारियों को फटकार लगाई और सभी अनुपस्थित अधिकारियों के तीन-तीन दिन के वेतन काटने आदेश जारी किये। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि 15 अगस्त पर हम लोगों को व्यवस्था प्रदान करने संबंधी कार्य करने होते हैं। प्रशासन द्वारा इस मौके पर जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, उस कार्यक्रम में हम सबकी उपस्थिति अनिवार्य होती है, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक हो सके और शासन की मंशा अनुरूप हर अधिकारी कर्मचारी उस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके। परन्तु विजय पर्व कार्यक्रम के दौरान देखने में आया कि कुछ जिम्मेदार अधिकारी कार्यक्रम से अनुपस्थित थे जिसके कारण प्रशासनिक स्तर पर नाराजगी व्यक्त की गई है। भविष्य में ऐसी पुनर्वृत्ति न हो इसके लिए निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये हैं।

भव्यता से मनाया गया जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम

जबलपुर,यशभारत। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रामलीला मैदान गढ़ा में पार्षद मनीष पटैल के नेतृत्व में जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्तिगीतों की प्रस्तुतियां दीं गईं जिसे सुनकर मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बजाई गई तालियों की गड़गड़ाहट की आवाज से परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक तरूण भनोट, विशिष्ट अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू, गौरव भनोट, नूर खान उपस्थित रहे। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने भी देशभक्ति गीतों का गायन किया जिसे सभी ने सराहा।

मूंग खरीदी मामले में वृहद स्तर पर हो जांच

जबलपुर। जिले में मूंग उपार्जन को लेकर आ रहे विभिन्न मामलों के विषय में फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य अमित सिंह परिहार द्वारा इस पूरे मामले की शिकायत जबलपुर कलेक्टर से की गई है। एक पत्र के माध्यम से उन्होंने इस पूरे मामले को एक गोदाम तक सीमित न रखते हुए वृहद स्तर पर जांच करने की मांग की है। साथ ही साथ इस पूरे मामले में सन लिप्त दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र के माध्यम से उन्होंने मूंग के साथ-साथ अन्य भंडारित उपज के उपज वे भंडारण को लेकर भी सवाल खड़े करें है।

फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य अमित सिंह परिहार ने की मांग

ग्वारीघाट मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

जबलपुर,यशभारत। म.प्र. शासन के पूर्व वित्त मंत्री और विधायक तरूण भनोट की पहल पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने ग्वारीघाट मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का कार्य करवा दिया है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि संवेदनाओं से पूर्ण माहौल में अपनों को अंतिम विदा देने मोक्ष स्थल पर आते हैं ऐसे में उन्हें कोई परेशानी न हो यह हमारी प्राथमिकता में शामिल है। इसी विचार को दृष्टिगत रखते हुए अब ग्वारीघाट मोक्षधाम में आने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि स्थल का समतलीकरण कराने के साथ-साथ बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था, पेड़ों की छटाई, एवं रंगाई पुताई भी कराई जा रही है। लोग साफ-स्वच्छ वातावरण में सुगमतापूर्वक अपने परिजनों को अंतिम विदा देकर देवलोक गमन संबंधी संस्कार सम्पन्न करा सकेगें। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि शहर के अन्य मुक्तिधामों को भी जल्द ही सुव्यवस्थित कराया जायेगा, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं।

SOCE | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
समस्त हड्डी एवं जोड़ रोगों का बेजोड़ इलाज
95758 01022
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियां, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक
SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेठवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant (Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
• दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
• महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
• सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
समयः प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
M: 9329075441 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गोमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

» न्यूज गैलरी

माल लदान में जबलपुर रेल मंडल ने अर्जित किये 280 करोड़

जबलपुर यशभारत। मालगाड़ियो के संचालन एवं माल लदान में जबलपुर रेल मंडल ने पश्चिम मध्य रेल में शीर्ष स्थान बनाया हुआ है जिसके तहत मंडल द्वारा जुलाई माह में इस मद में 280 करोड़ रूपये की आय माल भाड़ा से प्राप्त की है। इस सम्बन्ध में सीनियर डी सी एम विश्व रंजन ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के कुशल मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2023-24 के चार माह (अप्रैल से जुलाई) में जबलपुर मंडल द्वारा 12.03 मिलियन टन माल लदान से 1173 करोड़ रूपये की आय माल भाड़ा स्वरुप अर्जित की गयी है। यह आय गत वर्ष इसी अवधि में अर्जित 1127 करोड़ रूपये की तुलना में 4.06 प्रतिशत अधिक है। जिसमे केवल जुलाई माह में 280 करोड़ आय अर्जित किया /जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रंजन ने बताया कि मंडल द्वारा माल यातायात एवं उससे अर्जित आय में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत सागर के निकट लिधोरा खुर्द एवं सरई ग्राम में नए माल गोदाम से माल लदान प्रारंभ किया गया है।

जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी बदले समय पर चलेगी

जबलपुर यशभारत। रेल प्रशासन यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर - सिंगरौली इण्टरसिटी एक्सप्रेस के समय सारणी में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से पूर्व समय 15.15 बजे की बजाय संशोधित समय 16.25 बजे प्रस्थान करेगी और गंतव्य स्टेशन सिंगरौली पहुँचने का पूर्व समय 22.50 बजे की बजाय अब रात्रि 23.40 बजे पहुँचेगी। संशोधित समय सारणी 22 अगस्त 2023 से प्रभावी रहेगा। संशोधित समय सारणी निम्नानुसार है।

विधायक कप महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

जबलपुर, यशभारत। उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधायक कप महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक विनय सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कदीर सोनी सतीश उपाध्याय, पंकज पांडे, पार्षद अमरीश मिश्र अयोध्या तिवारी गुड्डू नबी शिवकुमार चौबे कपिल श्रीवास्तव, सुसीम धर, राजीव तिवारी,पंकज निगम,अवधेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुए संघ के शानू यादव ने बताया कि स्पर्धा में लगभग पुरुष वर्ग की 16 वा महिला वर्ग में 8 टीमों की आने की सूचना प्राप्त हो चुकी है जिसमें प्रमुख रूप से ग्रामीण अंचल की सबसे मजबूत टीम अहिंसा क्लब मेरे गांव, शिवाजी क्लब बौछार, विकास क्लब पडुवा, गोसलपुर अकैडमी ,वही नगरी क्षेत्र से जबलपुर कॉरपोरेशन ,जबलपुर अकैडमी ,रानीताल स्पोर्ट्स, स्टार अकैडमी प्रतियोगिता में भाग ले रही है

इंडिया ओपन शूटिंग कॉम्पीटीशन में नरेंद्र पटेल ने जीता कांस्य पदक

जबलपुर, यशभारत। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी, भोपाल में आयोजित की गयी 0755 इंडिया ओपन कम्पटीशन (राइफल/पिस्टल) 2023 में जबलपुर के पिस्टल शूटर नरेश पटेल ने सीनियर मास्टर केटेगरी में भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल सीनियर मास्टर मेन केटेगरी में कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी के। 41 शूटर्स ने भाग लिया था जिनमे से 18 शूटर्स ने नेशनल कम्पटीशन के लिए क्वालीफाई किया। यह ओपन कम्पटीशन हृद्ध की एक नवीन पहल है, जो शूटर्स इस कम्पटीशन में क्वालिफिकेशन स्कोर अर्जित करेंगे, उनके पास इस वर्ष होने वाली नेशनल शूटिंग कम्पटीशन में भाग लेने का अवसर होगा।

शुक्रवार को न्यायालय में अमित को नागपुर में किया गया पेश।

अमित की पुलिस रिमांड अब 22 तक

जबलपुर यश भारत। सना हत्याकांड में आरोपी अमित साहू से कार जब्त करने के बाद नागपुर पुलिस कार और अमित साहू को लेकर गुरुवार शाम नागपुर रवाना हो गई। जिसके बाद शुक्रवार को अमित को नागपुर के न्यायालय में पेश किया गया। जहां उसकी रिमांड 22 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। विदित हो कि नागपुर भाजपा के अल्पसंख्यक सेल की मंत्री सना खान उर्फ हिना का शव 16वें दिन भी नहीं मिला। हत्या के आरोपी अमित साहू उर्फ पप्पू की निशानदेही पर नागपुर पुलिस ने गुरुवार को महज वह कार जब्त की, जिससे सना की लाश बेलखेड़ा के हिरणनदी के पुल तक ले गया था।

डॉक्टर के बेटे से सना ने की थी दूसरी शादी



नागपुर पुलिस की जांच में सामने आया कि सना ने अमित से तीसरा विवाह किया था। सना का पहला विवाह वर्ष 2010 में हुआ था। उनका बच्चा 13 साल का हो चुका है। पहले पति से सना की नहीं बनी और तलाक हो गया। इसके बाद उसने नागपुर के ही एक डॉक्टर के बेटे से शादी की। लेकिन, यह रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद अमित से विवाह किया था। ज्ञात हो कि सना खान ने बिलहरी राजुल टाउन निवासी ढाबा संचालक अमित साहू ने 24 अप्रेल को कोर्ट मैरिज की थी। दोनों बिजनेस पार्टनर थे। दो अगस्त को सना नागपुर से जबलपुर आई थी। नागपुर पुलिस ने अमित साहू को 10 अगस्त को जबलपुर से गिरफ्तार किया था। उसे नागपुर न्यायालय में पेश किया गया, वहां से 18 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया। उसके बाद दो बार नागपुर पुलिस अमित को लेकर जबलपुर आई। बुधवार को उसकी निशानदेही पर सिवनी के धूमा से सना के कुछ कपड़े बरामद किए गए थे।

लौट आया कबीर संग्रह का लोकार्पण कल मानस भवन में होगा

जबलपुर,यशभारत। वरिष्ठ पत्रकार, कवि, चिंतक एवं लेखक राजेंद्र तिवारी प्रज्ञेय के दोहा संग्रह लौट आया कबीर का लोकार्पण प्रगतिशील लेखक संघ के 18वें राष्ट्रीय अधिवेशन 23 के उद्घाटन सत्र 20 अगस्त को शाम 6 बजे मानस भवन में होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री सैयदा हमीद, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखिका पूर्व सदस्य योजना आयोग भारत सरकार, मुख्य वक्तव्य राजेंद्र शर्मा वरिष्ठ कवि, कार्यक्रम अध्यक्ष महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी प्रकाश तिवारी ने दी है।

लॉ छात्रों का आरोप, आरडीयू में भ्रष्टाचार हावी, लिपिक पर हो रही मेहरबानी

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर लॉ स्टूडेंट एसोसिशन के नेतृत्व में छात्रों ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि विवि में भ्रष्टाचार हावी है, एक लिपिक पर इतनी मेहरबानी हो रही है कि सालों से एक ही पद पर कार्य कराया जा रहा है। जबकि नियम है कि एक साल की सेवा होने के बाद कर्मचारियों को एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरण किया जा सकता है। छात्रों ने ज्ञापन में कहा कि विश्वविद्यालय के राजशेखर भवन एवं विक्रम सारा भाई भवन में बनाए गए परीक्षा हॉल काफी दयनीय है। विक्रम साराभाई एवं राजशेखर भवन परीक्षा हाल में लगभग एक बार में लगभग 500, 500 से अधिक छात्र शामिल होते है और विक्रम सारा भाई बिल्डिंग सेलिंग भी टूट रही है और जर्जर स्थिति में है ऐसी बिल्डिंग में छात्रों को बैठाया जा रहा है, बिल्डिंग की हालत ऐसी है, जिससे लेंटर वाली छत से पानी गिरता है जो कभी भी उसकी छत गिर भी सकती है। जहां साफ सफाई व्यवस्था चौपट है, क्लास में डेस्क बैंच टूटी फूटी है, टूटी खिड़कियों से बारिश के पानी क्लास में आता है, परीक्षा हॉल के पास बने टॉयलेट में गंदगी से छात्र परेशान है। निम्न वर्ग लिपिक रमेश तिवारी परीक्षा संचालन विभाग में लगभग 10 वर्षो से तथा परीक्षा विभाग में लगभग-20 वर्षो से कार्यरत हैं, जबकि उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक-2212/1921/2013/38-3 दिनांक- 23/10/2013 में यह निर्देश हैं कि, परीक्षा विभाग में जो कर्मचारी एक वर्ष से अधिक समय से कार्यरत हैं उसका स्थानांतरण किया जाये, रमेश तिवारी वर्तमान समय में भी परीक्षा संचालन विभाग के साथ साथ परीक्षा विभाग में भी संलग्न है। साथ ही साथ इनके रिश्तेदार राजकुमार तिवारी जो अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जिनका दबदबा वित्तीय विभाग में है, राजकुमार तिवारी भी लगभग 10 वर्षो से लेखा विभाग में कार्यरत है, इनके संबंध में भी पूर्व में एक सेवा निवृत कर्मचारी द्वारा शिकायत की गई थी की, मेरे स्वत्वों के भुगतान को पारित करने हेतु रुपए 30000 की मांग की गई थी ना देने पर मेरे भुगतान पर मर्जी अनुसार अप्पति लगाई जा रही है। शासन के आदेश के बाद भी एक महत्पूर्ण विभाग में इतने लंबे समय से ट्रांसफर नहीं करना ये अपने आप में भ्रष्टाचार के घेरे में आता है। इस मौके पर अंकुश चौधरी, शुभांसु सिंह, राहुल अगरिया, रोहित कुरील, हर्ष प्रताप सिंह, ग्रीस मराठा, अरविंद सेन, रोहित गुप्ता, सौरभ सोनकर,रोहित नामदेव, रोबिन जैन, अभिरूप चंसोरिया साक्षी यादव, सनी पसारिया, शुभम पांडे, रोहन अवस्थी उपस्थित रहे।

रंग एक काव्य संग्रह के कवर पृष्ठ का हुआ विमोचन



जबलपुर,यशभारत। लेखक आकाश सिंह राठौर मुसाफिर की नई पुस्तक रंग एक काव्य संग्रह के कवर पृष्ठ का विमोचन किया गया। अर्चीवर्स पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक अपने शीर्षक की सार्थकता सिद्ध करते हुए दोस्ती, प्रेम, समाज और जिन्दगी के सभी रंगों से भरपूर है। यह पुस्तक न केवल युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकती है बल्कि यह पुराने दौर की सजीवता को भी संजो कर रखती है। इस पुस्तक की प्री बुकिंग के लिए आप अचीवर्स पब्लिकेशन या लेखक से संपर्क कर सकते है। लेखक आकाश की आने वाली पुस्तक जबलपुर डायरी में जबलपुर के प्राकृतिक सौन्दर्य और प्रेम का अनुपम चित्रण किया है। साथ ही साथ आकाश इससे पूर्व में भी वीरांगना, अनेक, तजुर्बा आदि पुस्तकों में सह लेखक की भूमिका अदा कर चुके है। गौरतलब है कि आकाश अंतर्राष्ट्रीय बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा वर्ष 2022-23 में हिन्दी गौरव सम्मान द्वारा सम्मानित किए जा चुके है।

एच.पी.डे की 18वीं पुण्यतिथि को पौधारोपित कर मनाया यादगार

जबलपुर,यशभारत। एचपीडे की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों ने कैलाशधाम, वर्धाघाट में पौधे रोपित किए। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने पेड़ लगाने और उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया। उनके पुत्र पंकज डे, पुत्री रत्ना बोस, पुत्री रीता घोस, दामाद सुजीत घोस ने बताया कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पेड़ लगाना सबसे पुण्य कार्य है। इस मौके पर तपन बोस, दिवाकर मित्रा, सुमित बोस, प्रतीस बोस, कैलाश कोल, सरस्वती रजक, अत्री सहित अन्य उपस्थित रहे।

जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग-स्टेशनरी सामग्री बांटकर मनाया स्वतंत्रता दिवस

नव वर्ष फाउंडेशन की पहल

जबलपुर,यशभारत। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नववर्ष फाउंडेशन द्वारा नगर के ग्वारीघाट रोड पर स्थित अति प्राचीन बादशाह हलवाई मंदिर के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई। नववर्ष फाउंडेशन की अध्यक्ष वर्षा राठौर ने बताया कि बच्चों को शिक्षा के लिए हर संभव मदद करनी चाहिए और उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए ये हम सब का कर्तव्य है ताकि वह श्रेष्ठ नागरिक बन सके। नववर्ष फाउंडेशन द्वारा द्वितीय वर्षगांठ पर सभी सदस्यों द्वारा अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश पाठक प्रवीण द्वारा नववर्ष द्वारा किए गए कार्यो को बड़ा लाभप्रद और समाज के हित में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर एस.एस. बघेल एवं इंजी.सुरेंद्र श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही। इस मौके पर इंजीनियर नवनीत राठौर,संजय सुप्रिया भाटिया,आर के दुबे,अल्का दुबे, एडवोकेट रविंद्र श्रीवास्तव, अमिता सोनी,आदर्श रजनी श्रीवास्तव,जयंत खारपाटे, सुजाता खारपाटे,डॉ.गिरीश पाठक,किरण हिरेंद्र शर्मा,जितेंद्र राठौर,नीलेश,उमेश, संजय, रजनीश राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा रेलवे स्टेशन

जबलपुर, यशभारत। बरसते पानी में ढोल धमाकों के साथ आज शाम को जबलपुर स्टेशन हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजामान हो रहा था अवसर था मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत ट्रेन से काशी जाने हेतु वरिष्ठ नागरिकों और छोड़ने आए उनके परिवारों का सभी तीर्थ यात्रियों के चेहरों में चमक और उत्साह है नजर आ रहा था जिला प्रशासन के द्वारा सभी जाने वाली वरिष्ठ नागरिकों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। सभी बुजुर्गो काशी रवाना हो गए जाने के पूर्व सभी बुजुर्गो ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया तथा काशी विश्वनाथ के दर्शन करने का अवसर प्रदान करने के लिये उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

भाजपा अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अमर मिश्रा ने बताया कि तीर्थ दर्शन योजना के तहत काशी वाराणसी के लिए तीर्थ दर्शन ट्रेन रवाना हुई जिसमें जबलपुर से 150 यात्री बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने रवाना हुए यात्रियों का स्वागत अंत्योदय प्रकोष्ठ ने किया गया। उन्हें पुष्पमाला, तुलसी की माला, भोजन के पैकेट वितरित किए गए विदित है कि यात्रा का संपूर्ण खर्च मध्य प्रदेश सरकार वहन करती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभात साहू ,हेमंत साहू, अमित सैनी, संदीप शर्मा, राहुल बारी, सागर मिश्रा,अनिल पाठक, वैभव चौरसिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे*

स्कूल के बच्चों को कॉपियां एवं कंपास वितरित किए

जबलपुर, यशभारत। अखिल भारतवर्ष दिगंबर जैन महिला परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जैन के जबलपुर आगमन पर केंद्रीय व प्रांतीय संरक्षक श्रीमती स्नेह लता जैन के निवास पर उनके सम्मान में एकबैठक का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर विमला जैन, कार्याध्यक्ष डॉक्टर कुसुम जैन प्रांतीय अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जैन, सचिव निशा चौधरी, कोषाध्यक्ष मीना जैन, उपाध्यक्ष मंजुला जैन, उपा मणि जैन उपा साधना बड़कुल ,सीमा जैन ,मिश्री जैन, नीलम जड़ी बूटी,साधना जैन, श्रीमती मौली जैन ,भारती एवं सविता जैन के साथ इंदौर से आई अनीता जैन एवं किरण जैन ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के बच्चों को 200 कॉपियां एवं कंपैक्स वितरित किए गए साथ ही वृहद पौधारोपण का आयोजन किया ।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी उत्सव मनाया। केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा कृतित्व कलश का विमोचन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा उनकी काव्य कृति अर्पण का भी विमोचन किया गया।

सद्भावना दिवस पर पमरे महाप्रबन्धक ने दिलाई शपथ

जबलपुर,यशभारत। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पमरे के महाप्रबधक सुधीर कुमार गुप्ता ने सभाकक्ष में उपस्थित प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डी. सी. अहिरवार, प्रमुख वित्त सलाहकार डॉ. एन. के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य इजीनियर ए. के. कनकने, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एच.के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर डी. वी. मीना, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अमरेंद्र कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री हामिद अख्तर तथा सचिव महाप्रबन्धक राहुल जयपुरियार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई महाप्रबन्धक ने जाति सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भवाना के लिए कार्य करने एवं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिज्ञा दिलाई।

निरीक्षण

रेल आईजी ने स्टेशन सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जीआरपी के प्रशिक्षण में 32 प्रशिक्षणार्थी शामिल रहे

जबलपुर, यशभारत। विशेष पुलिस महानिदेशक रेलवे सुधीर कुमार साही म.प्र. भोपाल एवं डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार पुलिस महानिरीक्षक रेलवे, म.प्र. भोपाल के दिशा निर्देशन में दो दिवसीय व्ही.आई.पी. ड्यूटी, संतरी पहरा एवं ट्रेन पेट्रोलिंग से सम्बंधित प्रशिक्षण रेलवे पुलिस इकाई जबलपुर में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में शासकीय रेलवे पुलिस इकाई जबलपुर, भोपाल, इन्दौर से कुल 23 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित हुये। कार्यक्रम का शुभारम आर. आर. परिहार, उप पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज जबलपुर एवं श्रीमति सिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक रेल्वे, जबलपुर के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हितेश चौधरी पुलिस अधीक्षक रेलवे भोपाल, इसरार मन्सूरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, लोकेश मार्को उप पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, महेन्द्र सिंह कुल्हारा उप पुलिस अधीक्षक रेलवे इटारसी, शरद पाठक उप पुलिस अधीक्षक रेडियो जबलपुर, सारिका पाण्डेय कार्य. उप पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, सुरक्षा बल निरीक्षक इरफान मन्सूरी, रविन्द्र गौतम सेवानिवृत्त कार्य. उप पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, निरीक्षक बी. बी. टाण्डिया, निरीक्षक सुश्री सुमन विश्वकर्मा, निरी. शाशि धुर्वे, सूबेदार श्रीमति सुनीता पटेल, सउनि शर्मा सायबर सेल भोपाल एवं अन्य रेलवे पुलिस इकाई में थाना, चौकी प्रभारी कार्यक्रम में उपस्थित रहें इसके उपरांत डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार पुलिस महानिरीक्षक रेलवे म.प्र. भोपाल द्वारा रेलवे पुलिस थाना जबलपुर का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान संधारित दस्तावेजो एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफार्मों पर संस्थापित जी. आर. पी. बीट हेडक्वाटर का निरीक्षण किया जाकर पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अरूण त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। उपरांत रेलवे पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर में नवनिर्मित जी.आर.पी. नियंत्रण कक्ष का शुभारंभ किया गया। रेलवे पुलिस कार्यालय जबलपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इकाई के थाना / चौकियों में किये गये रेलवे रक्षा समितियों के सदस्यों को परिचय पत्र एवं टी- शर्ट का वितरण किया गया।दो दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार पुलिस महानिरीक्षक रेलवे, म.प्र. भोपाल एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के सम्बंध में दिशा निर्देश देकर आयोजित की गयी। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरुस्कार पाये हुये अधिकारी / कर्मचारी को नगद् पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

आपत्ति के नाम पर कर्मचारियों को किया जा रहा परेशान, सौंपा ज्ञापन

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय के नेतृत्व में जिला कोषालय अधिकारी को कर्मचारियों की समस्याओं का ज्ञापन दिया गया।जिला कोषालय कार्यालय में सहायक कोषालय अधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के मासिक वेतन देयक, ग्रेच्युटी, बीमा, एक्सग्रेसिया, जी पी एफ, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयक, एवं अन्य देयकों में अनावश्यक आपत्ती लगाई जा रही है।

कुछ विभागों के देयकों में अलग अलग आपत्ती लगाई जा रही है। एक ही आपत्ति अनेकों बार लगाकर कर्मचारियों, मृत कर्मचारियों के परिजनों को भारी परेशान किया जा रहा है, प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्धारित गाईड लाईन के विपरीत आपत्तियाँ लगाई जा रही है,

कर्मचारी अपने ही पैसों का उपयोग नहीं कर पा रहे है। भविष्य निधि खातों में जमा राशी ही निकालने में जूझना पड़ रहा है, लेखा पर्ची, अधिकारी का सत्यापन, शील का काम उछलना,स्पष्ट नहीं दिखाई दे रही, जिला कोषालय अधिकारी ने एक बार ही आपत्ति लगाने, एक्सग्रेसिया, उपादान,ग्रेच्युटी, वेतन देयकों को समय पर करवाने का आश्वासन दिया है। मोर्चा विश्वदीप पटेरिया, संतोष मिश्रा, संजय गुजराल,नरेश शुक्ला, हरि प्रसन्न त्रिपाठी,इंद्र पूरी गोस्वामी, किशन विश्वकर्मा, देव दोनेरिया, रवि कांत दहायात, कमलेस पटेल,तीरथ शाहू, ज्ञापन के समय उपस्थित थे। मोर्चा पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है की कर्मचारियों को अनावश्यक परेशान करने में रोक नही लगाई गई तो प्रदर्शन का रास्ता अपनाया जावेगा।

संपादकीय

राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला

राजस्थान की गहलौत सरकार ने एक बड़ा फैसला किया है ,जिसके अनुसार महिलाओं, लड़कियों व बच्चियों से छेड़छाड़ करने वालों को अब राज्य में सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। इस सूची में शामिल दुष्कर्म का प्रयास करने वालों, दुष्कर्म के आरोपियों एवं मनचलों को भी सरकारी नौकरी से वंचित रखा जायेगा। ऐसे लोगों के चरित्र प्रमाणपत्र में बाकायदा इस बात का उल्लेख किया जायेगा। पुलिस थानों में अब तक जैसे हिस्ट्रीशीटरों का रिकॉर्ड रखा जाता था, वैसे ही इन शोहदों का लेखा-जोखा भी रखा जायेगा। गहलौत सरकार ने यह कदम हाल के दिनों में राजस्थान में एक किशोरी से दुष्कर्म, हत्या व शव को जलाये जाने की जघन्य वारदात के बाद उठाया है। उल्लेखनीय है कि इस वारदात पूरा देश उद्वेलित हुआ था। जिसको विपक्ष ने बड़ा मुद्दा बनाया था। आसन्न विधानसभा चुनाव के दबाव में राजस्थान सरकार ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर जोखिम लेने को कतई तैयार नहीं थी। कड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकना प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार ने राज्य में सरकारी भर्ती करने वाली एजेंसियों को इस तरह का रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया है। ताकि जब राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन व कर्मचारी चयन आयोग में ऐसे आरोपी आवेदन करेंगे तो स्वतः ही उनका आवेदन खारिज हो जायेगा। दरअसल, इन संस्थाओं को पुलिस के जरिये अभियुक्तों का डेटाबेस उपलब्ध कराया जायेगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि इस घोषणा का विधिवत क्रियान्वयन होगा, यह महज चुनावी माहौल में की गई घोषणा न हो।दरअसल, यहां सवाल सिर्फ राजस्थान का ही नहीं है बल्कि देश के विभिन्न भागों में लड़कियों के साथ छेड़छाड़ व जघन्य अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में केंद्र सरकार के स्तर पर सभी राज्यों के लिये प्रशासनिक व कानूनी प्रावधान किये जाने की जरूरत है, जिससे यौन अपराधों पर अंकुश लग सके। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के वे आंकड़े हमें शर्मसार करते हैं जिनमें कहा गया था कि देश में रोज अस्सी-नब्बे बलात्कार के मामले दर्ज होते हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि सख्त कानून और पुलिस-प्रशासन की सक्रियता के बावजूद ऐसे अपराध क्यों नहीं रुक रहे हैं। जाहिर है अपराध नियंत्रण से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने की जरूरत है। यह बात सही है कि किसी समाज को पूरी तरह अपराध मुक्त नहीं किया जा सकता मगर फिर इस दिशा में गंभीर प्रयास तो होने ही चाहिए। आम लोगों को भयमुक्त सुशासन देना शासन-प्रशासन का प्राथमिक दायित्व होना चाहिए। ऐसे में राजस्थान सरकार का हालिया कदम कुछ उम्मीद जगाता है। इसकी वजह यह है कि आम भारतीय युवाओं में सरकारी नौकरी का बड़ा सम्मोहन होता है। नौकरी न मिलने की आशंका के चलते भटके हुए युवा ऐसे कृत्यों से बचने का प्रयास करेंगे। आमतौर पर देखा भी जाता है कि गर्ल्स स्कूल-कालेज के बाहर और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर युवाओं के झुंड आती-जाती लड़कियों पर छींटाकशी व छेड़छाड़ करते नजर आते हैं। सरकार को आधुनिक तकनीक व सीसीटीवी कैमरों के जरिये भी ऐसे तत्वों पर नजर रखनी चाहिए। दरअसल, हमारे समाज में इंटरनेट पर अश्लील सामग्री की बहुतायत में उपलब्धता ने भी युवाओं की सोच को विकृत बनाया है। उस पर नशे के बढ़ते उपयोग ने भी आग में घी डालने का काम किया है।

अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष बनाम सरकार

लोकसभा में तीन दिनों तक चले अविश्वास प्रस्ताव पर बहस ने आगामी 2024 लोकसभा चुनाव तक की राजनीतिक ध्वनियों की दिशा तय कर दी है। राजनीति में सामान्य रुचि रखने वालों में से भी शायद ही कोई हो जिसने अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा अवसर मिलने पर लाइव न देखी या सुनी हो। पार्टियों और नेताओं के लिए यह केवल एक दूसरे को घेरने, उत्तर देने, व्यंग्य और कटाक्ष करने का ही अवसर नहीं होता, बल्कि नेताओं -कार्यकर्ताओं -समर्थकों को बोलने व तर्क करने के लिए विषय-वस्तु, शब्दावलियां भी प्रचुर मात्रा में प्राप्त होती है। कम से कम भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने बोलते समय इस पहलू का अवश्य ध्यान रखा। बावजूद यह संभवतः पहला अविश्वास प्रस्ताव था जिसमें सरकार की ओर से बोलने वालों को विपक्ष के तथ्यों ,तर्कों व आरोपी की काट के लिए शोध या छानबीन कर विषयवस्तु लाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। विपक्ष चाहे जितनी अपनी वाहवाही करे कि उसने प्रधानमंत्री को बोलने के लिए विवश कर दिया, सच यह है कि उनकी तैयारी ऐसी नहीं थी जिससे सरकार को घेरा जा सके। विपक्ष के नेताओं का एक भी भाषण नहीं जिसे सुनने के बाद लगे कि सरकार के लिए इसका उत्तर देना कठिन या असंभव होगा या वह निरुत्तर हो जाएंगे। आप आरोप लगाएं, हमले करें और उनमें अधिकृत तथ्य नहीं हो तो संसद की बहस में उसके मायने नहीं होते। सच कहा जाए तो सरकार की ओर से विशेषकर गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण या प्रधानमंत्री तक ने अपनी ओर से ही संबंधित विषय रखे ताकि वह सब संसद के रिकॉर्ड में आ जाए और रुचि रखने वालों को उपलब्ध हो।

आईएनडीआईए के गठन के बाद 26 दलों के संगठित विपक्षी समूह के लिए यह नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल का सबसे बड़ा अवसर था जिसमें वह स्वयं की क्षमता प्रमाणित कर सकते थे। वे साबित कर सकते थे कि हमारे पास इतनी योग्यता है जिससे हम सरकार को उन्हीं के तथ्यों और तर्कों से कटघरे में खड़ा कर सकते हैं, देश के भविष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समानांतर हर विषय पर हमारे पास ऐसी रूपरेखा और सोच के साथ व्यक्तित्व भी हैं जो बेहतर सरकार चला सकते हैं। क्या कोई स्वीकार करेगा कि आईएनडीआईए इन कसौटियों पर स्वयं को खरा उतारने में सफल हो सका? कांग्रेस की ओर से तरुण गोगोई ने अवश्य अपने भाषण में विषयवस्तु रखें, लेकिन वह इतना प्रभावी नहीं था जिनसे सरकार को उत्तर देने में कठिनाइयां पैदा हो। राहुल गांधी जब दूसरे दिन बोलने के लिए खड़े हुए तो सोचा गया कि भारत जोड़ो यात्रा तथा सजा के कारण चार महीने से ज्यादा समय तक लोकसभा सदस्यता से वंचित रहने के बाद उनके भाषण में अवश्य तथ्यों के साथ कटाक्ष एवं आक्रमण होंगे। आखिर आईएनडीआईए की सबसे बड़ी पार्टी के शीर्ष सक्रिय नेता होने के कारण संसद में आगे बढ़कर अपने वक्तव्य से उन्हें ही नेतृत्व संभालना था। जब आप 37 मिनट के भाषण में 15 मिनट से ज्यादा भारतयात्रा पर बोलेंगे और शेष सरकार को देशद्रोही से लेकर भारत माता की हत्या करने वाले बाबा बताने में ही समय लगा देंगे तो आपके पास मणिपुर से लेकर आर्थिक, सांस्कृतिक, रक्षा, विदेश नीति, आंतरिक सुरक्षा आदि पर बोलने के लिए समय कहां रहेगा। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी का वक्ताओं में नाम भी नहीं था। ऐसा लगता है जब गृह मंत्री अमित शाह ने तंज कसा तो नाम शामिल किया गया। ऐसा लगा जैसे वे प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक, अशोभनीय शब्दों और तुलनाओं की पोटली लेकर उपस्थित हुए हो। परिणामतः भाजपा के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त से उनकी भीड़ंत होते-होते बची। वीरेंद्र सिंह ने सदन में अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांग लिया पर अधीर रंजन इसके लिए तैयार नहीं हुए। उन्हें न केवल निलंबन झेलना पड़ा बल्कि मामला विशेषाधिकार समिति के पास चला गया है।सरकार की ओर दृष्टि डालिए तो दो भाषणों पर सबसे ज्यादा ध्यान था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह। संसद के अंदर गृह मंत्री अमित शाह ने अभी तक के भाषणों से योग्यता और क्षमता को बार-बार प्रमाणित किया है। भाजपा के विरोधी टिप्पणीकार भी कह रहे हैं कि उनका भाषण सबसे प्रभावी था क्योंकि उसमें हर उन पहलुओं से संबंधित तथ्यात्मक विवरण और तर्क थे, हर ऐसे प्रश्न के उत्तर थे जो विरोधी लगातार उठाते । इसके साथ उन्होंने अपनी ओर से और ऐसी बातें रख दीं जिनसे सरकार का पक्ष मजबूत होता हो और भाजपा के नेताओं - कार्यकर्ताओं को तो बोलने के लिए विषय वस्तु मिलते ही हो देश के आम लोगों को भी लगे लगे कि वाकई सरकार ने हर स्तर पर काम किया है और आगे भी कर रही है। मणिपुर पर उन्होंने करीब आधा घंटा बोला जिसमें उत्तर-पूर्व की कुछ और कुछ बातें भी थीं। वे अपने भाषण से यह संदेश देने में सफल रहे कि विपक्ष के सारे आरोप निराधार व राजनीति से प्रेरित हैं। मणिपुर में हिंसा भड़कने के 24 घंटे के अंदर ही सरकार ने वे सारे कदम उठाएं और अभी भी सक्रिय है ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। अधीर रंजन चौधरी का भाषण उनके अगले दिन था। वे गृज्ह मंत्री के भाषण पर फोकस कर विपक्ष की दृष्टि से अपनी बात रखते तो लगता कि वाकई विपक्ष का कोई नेता सरकार को उसके तथ्यों के आईने में घेरने के लिए तैयारी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाषण कला पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं। पूरे अविश्वास प्रस्ताव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि प्रधानमंत्री ने अपने व्यंग्य, हास्य व कटाक्षों के साथ उपमा,अलंकारों आदि का प्रयोग कर यह साबित किया कि कठोर से कठोर बातें और तीखे हमले के लिए उग्र होकर गुस्सैल शब्दावलियों का प्रयोग करना हमेशा आवश्यक नहीं होता। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस की बखिया उधेड़ दी किंतु बोलने की शैली ऐसी थी जिसमें हंगामा व विरोध का अवसर नहीं मिला। समर्थक हो या विरोधी प्रधानमंत्री को सुनते समय बार-बार हंसी आती थी। उदाहरण के लिए उन्होंने आईएनडीआईए नाम को लेकर यही कहा कि आपने इसके लिए भी एनडीए चुरा लिया तथा आपका इंडिया घमंडइयआ है ,जिसमें दो आई एक हम और दूसरा परिवार के लिए है। यह सुनने में सरल लगता है लेकिन ऐसे कटाक्ष के लिए भी काफी सोचना पड़ा होगा।

– **अवधेश कुमार** (ये लेखक के अपने विचार हैं)

समीचीन नहीं है राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का जेनेरिक दवाएं लिखने का आदेश

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने देश के डॉक्टर्स के लिए जेनेरिक दवाइयां प्रेस्क्रिप्शन में लिखना अनिवार्य कर दिया है.आदेश में कहा है कि अगर कोई भी डॉक्टर ऐसा नहीं करता है तो उसके प्रैक्टिस लाइसेंस को भी अस्थायी तौर पर सस्पेंड कर दिया जा सकता है. लाइसेंस सस्पेंड करने के अलावा कई अन्य दंड का भी प्रावधान किया गया है.इस आदेश में यह भी कहा गया है कि पर्ची पर डाक्टर दवा स्पष्ट शब्दों में लिखेगा. राष्ट्रीय चिकित्सा बोर्ड का आदेश तो जनता के हित में है. वह चाहता है कि जनता को सस्ती दवाएं मिलें, किंतु आदेश को लागू करने से पहले ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि जैनरिक दवाएं सर्व सुलभ हों. जगह -जगह जैनरिक दवा के स्टोर खुलवाने होंगे.जबकि अभी तक ऐसा नही है. मजबूरन मरीज और जरूरतमंद ब्रांडेड दवा के स्टोर के पास जाता है.

नेशनल मेडिकल कमीशन के नए नियमों के अनुसार अब सभी डॉक्टर्स को जेनेरिक दवाएं लिखनी होगी. अगर कोई डॉक्टर ऐसा नहीं करता है तो उसे दंडित भी किया जा सकेगा. एनएमसी ने डॉक्टर्स से यह भी कहा है कि वह ब्रॉडेड जेनेरिक दवाओं को लिखने से भी बचें. दो अगस्त को एनएमसी ने नियमों का नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि भारत में जेनेरिक दवाएं ब्रॉडेड दवाओं की तुलना में 30 से 80 प्रतिशत तक सस्ती हैं. भारत में दवाइयों पर आम आदमी के जेब पर बड़ा भार पड़ता है. ऐसे में जेनेरिक दवाएं प्रेस्क्राइब करने पर हेल्थ पर होने वाले खर्च में कमी आएगी। दरअसल, जेनेरिक और ब्रॉडेड दवाओं की गुणवत्ता और असर में कोई अंतर नहीं होता, लेकिन तमाम बड़ी कंपनियां ऊंची कीमत वाली दवाइयों को प्रेस्क्राइब करने के लिए काफी ऑफर चलाती रहती हैं.

एनएमसी के नए नियमों के अनुसार, डॉक्टर्स को जेनेरिक दवाएं ही लिखनी होगी. बार-बार आदेश का उल्लंघन करने पर डॉक्टर का प्रैक्टिस करने का लाइसेंस एक विशेष अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया जाएगा. साथ ही डॉक्टर्स को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह अगर किसी मरीज का पर्ची बना रहा यानी की प्रेस्क्रिप्शन लिख रहा है तो वह उसे स्पष्ट भाषा में लिखे जो किसी से भी पढ़ा जा सके. नेशनल मेडिकल कमीशन ने आदेश दिया है कि दवाइयों के नाम अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में लिखा जाना चाहिए. अगर हैंडराइटिंग सही नहीं है तो पर्ची को टाइप कराकर मरीज को प्रेस्क्रिप्शन दिया जाए. एनएमसी ने एक टेम्पलेट भी जारी किया है. इस टेम्पलेट का उपयोग नुस्खा लिखने के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा. नेशनल मेडिकल कमीशन यानी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने आदेश में यह भी कहा कि अस्पतालों और डॉक्टर्स को मरीजों को जन औषधि केंद्रों और अन्य जेनेरिक फार्मेसी दुकानों से दवाएं खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए. आदेश में यह भी कहा गया है कि मेडिकल छात्रों और जनता को उनके ब्रांडेड समकक्षों के साथ जेनेरिक दवा की समानता के बारे में शिक्षित करना चाहिए. जेनेरिक दवाओं के प्रचार को बढ़ावा देनी चाहिए.

उधर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सोमवार को मांग की कि डॉक्टरों के लिए जेनेरिक दवाएं लिखना अनिवार्य बनाने वाले नियमों को टाल दिया जाए. आइएमए ने भारत में बनी दवाओं के मानक को लेकर चिंता जताई है, क्योंकि इनमें 0.10 प्रतिशत से भी कम का क्वालिटी चैक किया जाता है. आइएमए ने यह भी कहा कि अगर डॉक्टरों को ब्रांडेड दवाएं लिखने की अनुमति नहीं दी जाएगी, तो ऐसी दवाओं को लाइसेंस क्यों दिया जाना चाहिए. जेनेरिक दवाओं के लिए सबसे बड़ी परेशानी उनकी क्वालिटी की गारंटी है. देश में अभी क्वालिटी कंट्रोल बहुत कमजोर है. जब तक सरकार बाजार में जारी सभी दवाओं की क्वालिटी का भरोसा नहीं दिला देती, तब तक इस कदम को टाल देना चाहिए.

ज्ञातव्य है कि इंडियन मेडिकल काउंसिल की ओर से 2002 में जारी नियमों में बदलाव किया था. उन्होंने उसमें सजा होने की बात जोड़ी थी. इंडियन मेडिकल काउंसिल के बदले गए नियमों के तहत डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन में अब सिर्फ यह लिखेंगे कि उस बीमारी के लिए मरीज को क्या फॉर्मूला लेना है। वो किसी ब्रांड की दवा का नाम नहीं लिख सकते हैं.

इससे पहले भी कई बार डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं न लिखने पर कार्रवाई की चेतावनी दी जा चुकी है।

–**अशोक मधुप,**(ये लेखक के अपने विचार हैं)

आपका राशिफल 19 अगस्त



शुभांक - 9,1,2

मेष आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है

वृष जल्दबाजी में कोई भी निर्णय ना ले नुकसान हो सकता है

मिथुन आलस को त्याग कर कार्य क्षेत्र में मेहनत करें सफलता मिलेगी

कर्क विद्यार्थी वर्गो को अधिक मेहनत करनी पड़ेगी दिन थकान भरा रहेगा

सिंह आज का दिन कानूनी मामलों के लिए अच्छा रहने वाला है मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी

कन्या परिवार की सदस्यों की जरूरत का ध्यान रखें सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है

तुला आज का दिन खर्च भरा रहने वाला है सोच समझकर खर्च करें

वृश्चिक वाणी में मधुरता बनाए रखें बेवजह तनाव हो सकता है धैर्य के साथ आगे बढ़े

धनु आपकी इनकम और व्यय में संतुलन बनाना बेहद आवश्यक है कार्यप्रणाली में बदलाव लाएं

मकर आज का दिन धार्मिक कार्यों से जुड़े रहने में व्यतीत होगा परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे

कुंभ कुछ समय से चल रही चिंता के कारण परेशान रहेंगे धैर्य बनाए रखे

मीन संपत्ति में निवेश करने से अभी बचना होगा बुजुर्गों की सलाह के साथ आगे बढ़े

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

संगीत वादक एआर रहमान के साथ महिंद्रा ने किया टाईअप

MAHINDRA ELECTRIC SUVs

जबलपुर,यशभारत। महिंद्रा कंपनी ने संगीत वादक एआर रहमान के साथ टाईअप किया है। नवाचार की सिम्फनी पद्म भूषण और अकादमी पुरस्कार विजेता संगीतकार एआर रहमान के सहयोग से तैयार की गई, महिंद्रा की नई सोनिक आइडेंटिटी में ध्यानपूर्वक तैयार की गई 75 से अधिक ध्वनियाँ तैयार की गई हैं, जैसे ड्राइव साउंड और एक्सपीरियंस मोड। महिंद्रा, हरमन और डॉल्बी लैबोरेटरीज ने साथ मिलकर बॉर्न इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए इमर्सिव डॉल्बी एटमोस0ऑडियोज दिए हैं। इलेक्ट्रिक एसयूवी में साउंडस्केप की फैक्ट्री होगी, जिसमें स्थिर शांत से लेकर इंटरैक्टिव सेंसुअल साउंड एक्सपीरियंस तक होंगे, जो ऐक्टिव एम्बिएंट लाइटिंग और हाई - रिज़ॉल्यूशन एनिमेशन जैसे विजुअल एन्हांसमेंट से लैस होंगे।

स्थायित्व को अपनाया गया है

ब्रांड एंथम नवाचार और उत्कृष्टता के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता के साथ प्रतिध्वनित होते हुए, महिंद्रा की सस्टेनेबिलिटी और धरती की देखभाल के प्रयास का प्रतीक है।भारत में एसयूवी सेगमेंट में अग्रणी महिंद्रा एंड महिंद्रा की सहायक कंपनी महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (एमईएल) ने आज पद्म भूषण और अकादमी पुरस्कार विजेता एआर रहमान के सहयोग से महत्वपूर्ण ध्वनियों का अनावरण किया, जिसमें ध्वनि के माध्यम से सार्थक मानव अनुभवों पर जोर दिया गया है।

यह नई सोनिक पहचान महिंद्रा की स्थिरता और ग्रह की देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो इसकी भारतीय जड़ों और महत्वाकांक्षी वैश्विक आउटरीच के बीच ब्रांड के संबंध को उजागर करती है। सोनिक आइडेंटिटी को महिंद्रा की नई विजुअल आइडेंटिटी के साथ पेश किया गया।

सोनिक आइडेंटिटी का विस्तार ब्रांड गीत से कहीं बहुत आगे तक है, जिसमें वैश्विक इलेक्ट्रिक एसयूवी के महिंद्रा के आगामी सभी नए पोर्टफोलियो के विभिन्न पहलुओं के अनुरूप 75 से अधिक विशिष्ट ध्वनियाँ शामिल हैं। इन ध्वनियों में इंटीरियर और एक्सटीरियर ड्राइव साउंड, एक्सपीरियंस ज़ोन मोड, इंफोटेनमेंट संकेत और कार्यात्मक सिग्नल जैसे सीट - बेल्ट अलर्ट और टर्न इंडिकेटर शामिल हैं। प्रत्येक ध्वनि को महिंद्रा के ब्रांड के अनुरूप रखने और संगीत एवं जीवन शैली के माध्यम से ग्राहकों से जुड़ने के लिए ध्यानपूर्वक तैयार किया गया है।

महिंदा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटो एंड फार्म सेक्टर के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजेश जेजुरिकर ने कहा, च्च्हमें खुशी है कि एक वैश्विक संगीत सेलिब्रिटी और अकादमी पुरस्कार विजेता एआर रहमान ने महिंद्रा के सभी नए इलेक्ट्रिक वाहनों की आगामी रेंज के लिए सोनिक आइडेंटिटी और ब्रांड गान बनाने के लिए हमारे साथ सहयोग किया है। ध्वनियाँ असाधारण संगीत को दर्शाती हैं जो हमारे ब्रांड के दिल की धड़कन, मूल्यों और दृष्टि का प्रतीक हैं। नई सोनिक आइडेंटिटी और ब्रांड गीत, संगीत की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से हमारे आधुनिक ग्राहकों के साथ जुड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ओह माय गॉड फिल्म को बैन करने उठी मांग

इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी और कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने उठाई आवाज

जबलपुर,यशभारत। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी फिल्म ओह माय गॉड 2 के रिलीज के साथ ही फिर से विवादों में घिर गए है। विवाद की वजह ओह माय गॉड 2 फिल्म का एक सीन बताया जा रहा है जिसमें भगवान शिव को कचौरी की दुकान पर कचौरी मांगते दिखाया गया है। इस सीन से शिवभक्तों सहित कई धार्मिक लोगो की भावना को धक्का लगा है। कथावाचक प्रदीम मिश्रा ने इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता के खिलाफ बड़ा बयान देते हुए कहा कि तुम्हारे बाप को कचौरी मांगते दिखाते तो मुझे बड़ी प्रशंसा होती। -कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के इस बयान के साथ ही धार्मिक एवं राजनैतिक गुटों द्वारा अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड को बैन करने की मांग भी उठने लगी है। इसी में म.प्र विधानसभा में चुनाव लड़ने जा रही आई पी ए पी यानि इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. पुरुषोत्तम तिवारी द्वारा भी अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड-2 को बैन करने की मांग की गई और साथ ही उनके द्वारा यह भी कहा गया की यह हमारा दुर्भाग्य है की हमारे अभिनेता ही हमारे हिंदू देवी देवताओं का इस तरह अपमान करते हैं पर अब हमें इस तरह अपने देवी देवताओं का अपमान सहना बंद कर एक कड़ा संदेश देना चाहिए।

इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. पुरुषोत्तम तिवारी ने मांग की कि ओह माय गॉड-2 फिल्म को तत्काल प्रभाव से बैन किया जाए और अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा जनता के सामने शिवभक्तों से माफी मांगी जाए और यदि हमारी मांगें नहीं मानी गई तो शिवभक्तों के साथ शहर की सड़कों पर इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

इस संबंध में इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी जबलपुर के ओ पी बिल्थरिया, अनुपम पांडे, पंकज नेमा, बलराम श्रीवास्तव, कार्तिक पांडे, आदर्श सोनी, राहुल वर्मा, आकाश मिश्रा, शिवांक साहू आदि ने भी अपना विरोध जताया है।

हाथों में तिरंगा लेकर निकले विद्यार्थियों ने फैलाई जागरूकता

जबलपुर,यशभारत। नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल के करीब 375 विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तिरंगा लेकरअधारताल क्षेत्र में रैली निकाली और तिरंगे के प्रति सम्मान के लिए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर नगर निगम जोन अधिकारी वर्ग एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम शाला संचालक डॉ.विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कहते हैं पहला प्यार कभी भुलाया नहीं जाता फिर पता नहीं लोग क्यों अपने मां बाप का प्यार भूल जाते हैं। मुफ्त में सिर्फ मां बाप का ही प्यार मिलता है। इसके बाद दुनिया में हर रिश्ते के लिए कुछ न कुछ चुकाना पड़ता है। मंदिरों की जिन मूर्तियों कोहमने बनाया है हम उनकी पूजा तो करते हैं पर जिन्हों हमें बनाया हम उन मां बाप की पूजा क्यों नहीं करते। –**मुनिश्री तरुण सागर**

किराये से देना

4 कमरे, किचन, लेट, वाथरूम, बालकनी युक्त सत्य अशोका के बाजू में लाल बंगला राइट टाउन जबलपुर।
संपर्क अंकित जैन
7440574700

नेता प्रतिपक्ष ने स्वामी कमलदास महाराज से लिया आशीर्वाद

जबलपुर,यशभारत। नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने श्री श्री 1008 संत शिरोमणि स्वामी कमलदास महाराज से आशीर्वाद लिया और महाराज जी का पूजन अर्चन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने महाराज जी से पूरे देश में अमन-चैन बने रहने की मनोकामना भी की।

फिल्म वर्ग पहेली- 6242

नए ज़माने के साथ
यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
•आवश्यकता •प्रापर्टी •लोन •मकान
•दुकान/आफिस खरीदना बेचना
•ज्योतिष •शिक्षण •ट्रेवल्स व अन्य
1 माह Rs.1800/- 15 दिन Rs.1200/- 7 दिन Rs.500/- 3 दिन Rs.250/- 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण आम सूचना इश्तहार गुमशुदा नाम सुधार जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 , 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

» न्यूज गैलरी

किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म, परिचित महिला ने भी दिया आरोपितों का साथ

भोपाल, यशभारत। तलैया थाना पुलिस ने एक किशोरी की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। एक महिला को भी सहअभियुक्त बनाया है। घटना का पता चलने पर बजरंग दल ने प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इसकी भनक लगने पर आरोपित फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।तलैया थाना पुलिस के मुताबिक इतवारा निवासी किशोरी ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें उसने बताया कि ऐशबाग निवासी अयान खान को वह पिछले एक साल से जानती है। वह उसकी बड़ी बहन से बात करता था। अयान ने उसे सिमरन नाम की महिला से मिलवाया था। 26 जुलाई को अयान उसे बहला-फुसलाकर ऐशबाग इलाके में एक किराए के कमरे में लेकर गया। वहां उसने अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। साथ ही किशोरी को धमकाया कि इसके बारे में किसी को बताया तो जान से मार देगा। इसके बाद सिमरन वहां पर दो दोस्तों को लेकर आई। उन दोनों ने भी बारी-बारी उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद अयान और उसके दोस्त डरा-धमकाकर उसके साथ ज्यादती करने लगे थे। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

गमी में गया था परिवार, चोर लाखों के स्वर्ण आभूषण चुराकर हो गए चंपत

भोपाल ईएमएस। कोहेफिजा थाना इलाके में एक व्यापारी के सूने मकान से बदमाश लाखों रुपये कीमत के सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। घटना के समय व्यापारी और उसका परिवार एक गमी में शामिल होने आगरा चले गए थे। लौटकर आने के बाद उन्हें चोरी के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इलाके में आसपास लगे सीसीटीवी से अज्ञात चोरों के बारे में सुराग जुटाने की प्रयास कर रही है। मुख्य द्वार पर ताला लटका रहा, अंदर कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक लालघाटी के पास मायाश्री परिसर में रहने वाले 40 वर्षीय ज्ञानेश गुप्ता का कोतवाली क्षेत्र में चूड़ियों का कारोबार है। ज्ञानेश ने पुलिस थाने में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि दादा का निधन होने के कारण वह 13 अगस्त को सपरिवार आगरा चले गए थे। 17 अगस्त को जब वह वापस लौटे तो मुख्य द्वार पर ताला सही-सलामत लगा था। ताला खोलने पर देखा कि दरवाजा अंदर से बंद किया गया है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

भोपाल(ईएमएस)। जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम आयुक्त फ्रैंक ए नोबल, पुलिस उपायुक्त यातायात पद्मविलोचन शुक्ल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी भोपाल गौरव बैनल, अतिरिक्त जिला दण्डाअधिकारी हरेन्द्र नारायण, पीडब्लूडी, एमपीआरडीसी, आईटीएमएस एवं अन्य विभागों के अधिकारी सम्मलित हुए।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात के सुचारू संचालन हेतु निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गईः- नगरीय क्षेत्र में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स परिशोधन हेतु आवश्यक उपाय जैसे रोड संकेतक, नो पार्किंग बोर्ड, रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग आदि के साथ ही यातायात के सुचारू संचालन हेतु अवैध एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने, पार्किंग स्थल चिन्हित करने, लोकपरिवहन वाहनों के लिए स्टॉप निर्धारित करने, सड़कों की मरम्मत करवाए जाने हेतु संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिये गये।

योग अभ्यास मन और शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है :महेश अग्रवाल

भोपाल (ईएमएस)। आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र कोलार रोड भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडस गार्डन कॉलोनी फेज एक बाब?िया कलां के बच्चों का योग अभ्यास के आसनों का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता रखी गई। जिसका नगद पुरुस्कार राशि कॉलोनी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी रमन श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

159 चिकित्सा विशेषज्ञों को सौंपे नियुक्ति-पत्र

सीएम बोले- मैं राजनीति में नहीं होता तो डॉक्टर होता

भोपाल , यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को सीएम आवास पर आयोजित समारोह में मप्र लोक सेवा आयोग से चयनित 159 चिकित्सा विशेषज्ञों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लोक सेवा आयोग से 888 चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। अब तक 494 चिकित्सकों को चयन के बाद नियुक्तियां दी जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं राजनीति में नहीं आता तो डॉक्टर होता। डॉक्टरों को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है। कितना भी विशाल अस्पताल भवन बना लो, उन भवनों की अगर आत्मा कोई है तो वह डॉक्टर हैं। डॉक्टर सचमुच में अस्पताल की आत्मा हैं। आप लोग सौभाग्यशाली हैं कि दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 11वीं पास करने के बाद पीएमटी देनी होती थी। 11वीं में मेरे विषय भी भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान थे, इसलिए मैं पीएमटी देकर डॉक्टर बन सकता था। लेकिन जब मैं 11वीं में था, उस समय मेरी आयु करीब 17 वर्ष थी। इसी वर्ष आंदोलन के कारण मुझे आपातकाल में जेल जाना पड़ा। जेल से बाहर आया तो विचार बदल चुके थे, इसलिए मैं पीएमटी की परीक्षा नहीं दी। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में नहीं आता तो निश्चित तौर पर मैं डॉक्टर होता। आज मैं कहीं भी बच्चों से पूछता हूं तो सबसे अधिक बच्चे डॉक्टर ही बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1965 के बाद कोई मेडिकल कॉलेज नहीं खोला गया था। मैं मुख्यमंत्री बना और सागर में पहले मेडिकल कॉलेज की मंजूरी दी। प्रदेश में अब मेडिकल कॉलेजों की संख्या 24 हो गई है, लेकिन मैं यहीं नहीं रुकने वाला हूं। आने वाले दिनों में और मेडिक ल कॉलेज खोले जाएंगे।

चिकित्सकों का कार्य कठिन,10 से पांच की नौकरी नहीं

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की जिंदगी कठिन है। डॉक्टर की ड्यूटी सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक अन्य सरकारी कर्मचारी-अधिकरी की नौकरी की तरह नहीं है। आवश्यक सेवाएं भी आप लोगों को देना पड़ती हैं। आपका कार्य तभी से शुरू हो जाता है, जब मरीज आता है। यह पेशा दूसरे पद जैसा नहीं कि शाम पांच बजे फाइल बंद कर दी तो दूसरे दिन सुबह 11 बजे ही खुलेगी। चिकित्सकों को तो जब मरीज आ जाए, तभी फाइल खोलनी पड़ती है, नहीं तो दूसरे की फाइल परमानेंट बंद हो जाएगी। आप लोग सौभाग्यशाली हैं कि दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य आप के पास है। आप लोगों का काम केवल आजीविका नहीं लोगों की जिंदगी बचाना है। मुख्यमंत्री निवास में गुरुवार को जिन 159 चिकित्सा विशेषज्ञों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए हैं उनमें 83 शिशुरोग तथा 76 सर्जरी विशेषज्ञ शामिल हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 अगस्त को शिक्षकों को देंगे नियुक्ति-पत्र

भोपाल ,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 अगस्त को भोपाल में शिक्षकों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इसी दिन शिवपुरी जिले के पिछोर में महिला सम्मेलन होगा। साथ ही दतिया जिले में दतिया एयरपोर्ट के विस्तार के भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा।सेवढा में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 अगस्त को दतिया जिले के सेवढा में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे और शिवपुरी जिले के पोहरी में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों को सामग्री का वितरण किया जाएगा। भोपाल में 22 अगस्त की शाम मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा- मुख्यमंत्री चौहान ने आगामी सप्ताह भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रहे लोकार्पण/ शिलान्यास कार्यक्रम, लाड़ली बहना सम्मेलन और जनदर्शन के संबंध में कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की।मुख्यमंत्री ने गुरुवार को समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा संबंधित जिलों के कलेक्टरों से इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री 23 अगस्त को शहडोल जिले में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसी दिन दमोह में महिला सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

शिवराज के घोटाले
कांग्रेस ने खोल डाले

भाजपा सरकार के विरुद्ध कांग्रेस ने जारी किया आरोप पत्र

भोपाल, ,यशभारत। शिवराज सरकार के विरुद्ध कांग्रेस ने हमले और तेज कर दिए हैं। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र जारी किया। आरोपों की पहली किस्त में प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है। जबकि, दूसरी किस्त में विभागवार आरोप पत्र जारी होगा। इन्होंने महाकाल लोक, गौमाता तक को नहीं छोड़ाराजधानी में लिंक रोड-01 पर स्थित पीसीसी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कमल नाथ ने शिवराज सरकार पर करारा हमला बोला और कहा कि आज मप्र की पहचान प्रचार, भ्रष्टाचार और अत्याचार से है। ये शिवराज नहीं ठग राज हो गए। इन्होंने सबको ठगा। युवा, बुजुर्ग, किसान, कर्मचारियों, व्यापारियों को ठगा है। इनकी नीति व नीयत ठगने वाली है। प्रदेश के बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब देख रहे हैं। इन्होंने तो महाकाल, गोमाता तक को नहीं छोड़ा है।शिवराज के घोटालों की लंबी सूचीइससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह ने कहा कि 18 सालों से शिवराज ने जो घोटाले किये, काली कमाई की। प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया। कैग की रिपोर्ट, लोकायुक्त की कार्रवाई और अन्य एजेंसी के एक्शन पर आधारित बातें इस आरोप पत्र में है। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस ने सरकार के विरुद्ध आरोप पत्र तैयार करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह की अध्यक्षता में समिति बनाई थी। पूर्व विधायक पारस सकलेचा के साथ मिलकर उन्हें आरोप पत्र तैयार किया है। पार्टी ने तय किया है कि पहले प्रमुख मुद्दों को जनता के सामने रखा जाएगा और फिर दूसरी किस्त में विभागवार भ्रष्टाचार, कुशासन और कुप्रबंधन के मुद्दे उठाए जाएंगे। इसके लिए संभागीय मुख्यालय और फिर संबंधित मंत्री के क्षेत्र में पत्रकारवार्ता की जाएगी।

कमल नाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज को दी ठगराज की संज्ञा

अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन कल से 6 सितम्बर तक लाल परेड मैदान में

भोपाल (ईएमएस)। 20 अगस्त से 6 सितम्बर 2023 तक लाल परेड मैदान, भोपाल में मध्यप्रदेश के 22 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन का आयोजन होगा।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जा रहा हैं।

सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 20 अगस्त से 25 अगस्त तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा 26 अगस्त 2023 को सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की रैली का आयोजन किया जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के अंतर्गत आने वाले मध्यप्रदेश के जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन की रैली का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा 28 अगस्त से 6 सितम्बर 2023 तक लाल परेड मैदान, भोपाल में किया जा रहा है। सेना द्वारा अप्रैल 2023 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र उनकी ई-मेल पर भेजा जा चुका है। रैली भर्ती में शमिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि के 1 (एक) दिन पहले विश्राम स्थली में रात्रि 11 बजे रात को प्रवेश दिया जाएगा। इन अभ्यर्थियों की दौड़ रात्रि एक बजे प्रारंभ होगी। भर्ती मे हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड और सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोइबल नम्बर भी लेकर आना अनिवार्य है।

चुनाव से पहले गुंडों की घेराबंदी में लगी पुलिस

अब बुलडोजर गरजेगा और रासुका भी लगेगी

भोपाल, यशभारत। विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। इस दौरान सबसे बड़ी चुनौती पुलिस और प्रशासन के लिए होती है शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाना। क्योंकि इस दौरान गुंडे भी सक्रिय हो जाते हैं। अवैध शराब से लेकर अवैध हथियार की तस्करी भी बढ़ती है। यही वजह है, चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए अब पुलिस गुंडों की घेराबंदी में लग गई है। अब गुंडों के मकानों पर बुलडोजर गरजेगा और इन पर नकेल कसने के लिए रासुका भी लगेगी। इसकी तैयारी पुलिस और प्रशासन ने शुरू कर दी है। ग्वालियर में बीते रोज गोला का मंदिर इलाके में रहने वाले गुंडे शिवम राजावत पर रासुका लगाकर उसे जेल भेज दिया गया। उपनगर के भी गुंडे पर इसी तरह की कार्रवाई की तैयारी है।- गुंडों पर नकेल कसने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के गुंडों की सूची थानावार तैयार की गई है। थानों से सूची बनकर एसएसपी के पास पहुंचाई गई। अब इनकी निगरानी हो रही है। पुलिस इन पर निगाह रख रही है कि आखिर इनकी बैठक किन लोगों के साथ है। - अपराध करने वाले गुंडों के मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। पूर्व में अक्षया यादव हत्याकांड में शामिल आरोपित सुमित रावत के मकान पर बुलडोजर चला था। इस तरह के अपराध में जो अपराधी शामिल होंगे, उन पर इस तरह की कार्रवाई की जाएगी।- शहर के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले ऐसे गुंडों को चिन्हित किया गया है, जो गैंग चलाते हैं और इन लोगों की वजह से आम लोग त्रस्त हैं। ऐसे गुंडों पर रासुका लगाने और इन्हें जिलाबदर करने की तैयारी है।

बार्डर मीटिंग

जल्द ही शुरू होगी इंटरस्टेट चेकिंग~ राजस्थान पुलिस के साथ ग्वालियर और चंबल अंचल के जिलों के पुलिस अधिकारियों की बार्डर मीटिंग होने जा रही है। इसमें जोन के आइजी और सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। यह लोग नशे की तस्करी रोकने, अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त में शामिल अपराधियों से जुड़ा डाटा साझा करेंगे।

नए कलेवर में आया च्मध्य प्रदेश गान , सरकार की उपलब्धियां गाकर सुनाई

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश गान सुख का दाता, सब का साथी अब सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए नए कलेवर में आ गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को ट्वीट कर इसका वीडियो जारी किया है। इसमें मध्य प्रदेश का प्राकृतिक दृश्य, ऐतिहासिक महत्व की चीजें, सरकार की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना, भांजियों के लिए मामा (शिवराज सिंह चौहान) द्वारा किए जा रहे कार्यों को दिखाया गया है। यह गीत लगभग पांच मिनट का है। बता दें कि मध्य प्रदेश गान अधिकतर सरकारी आयोजनों में गाया जाता है। इस गाने को अलग-अलग तरह के संगीत के साथ पिरोया गया है। इसमें प्रदेश के हर हिस्से का इतिहास, संस्कृति, भाषा-बोलियों के माधुर्य का सामंजस्य है।

योग अभ्यास मन और शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है : महेश अग्रवाल

भोपाल (ईएमएस)। आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र कोलार रोड भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडस गार्डन कॉलोनी फेज एक बाबरिया कलां के बच्चों का योग अभ्यास के आसनों का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता रखी गई। जिसका नगद पुरुस्कार राशि कॉलोनी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी रमन श्रीवास्तव द्वारा दी गई। प्रतियोगिता का सयोंजन राजेंद्र खले एवं रमेश साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिरीष शर्मा, अथर्व कँसाना, व दृश्यम कोरी, को प्रथम पुरस्कार प्रखर, बिट्टू, प्रचीति कुलकर्णी को द्वितीय एवं आदित्य सिंह, आराध्या व आरोही मोदी तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान स्पर्श श्रीवास्तव सक्षम, वैदेही सिंह, सांगवी सिंह सहित 16 बच्चों ने योग आसनों का प्रदर्शन सफलता पूर्वक किया। इस अवसर पर कॉलोनी सचिव पुगलेंदी एवं श्रीमती सुनीता जैन के साथ इंडस गार्डन सोसायटी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विजयी प्रतिभागियों के द्वारा योगा के कठिन आसन जैसे शीर्षासन, हलासन, पूर्ण उष्ट्रासन, मत्सयासन का प्रदर्शन कर सभी को चमत्कृत कर दिया।

बिना तैयारी मवेशियों को पकड़ने की मुहिम

गौशालाओं का इंतजाम नहीं, कांजी हाउस भी भर गए

भोपाल, यशभारत। राजधानी की सड़कों पर डेरा जमाए आवारा मवेशियों की पिछले करीब दो वर्ष से बंद धरपकड़ शनिवार से एक बार फिर शुरू हो गई। गोवर्धन परियोजना शाखा की आधा दर्जन टीमों ने 80 फीट रोड, पुष्पा नगर, प्रभात चौराहा, पिपलानी चौराहा, आनंद नगर, पटेल नगर सहित अन्य इलाकों से अब तक करीब 300 से अधिक आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस पहुंचाया। लेकिन बड़ा सवाल है कि भले ही शहर के 300 मवेशियों को रखने की जुगाड़ कलेक्टर आशीष सिंह ने ग्रामीण गौशालाओं में करवा दी है। लेकिन शहर में घूम रहे 25 हजार से अधिक मवेशियों को रखने के लिए ना तो पर्याप्त गौशालाएं हैं और ना ही इनके लिए कांजी हाउस में जगह बची। मवेशियों की वजह से हो रहे हादसेबता दें कि सड़कों पर डेरा जमाए आवारा मवेशी रोजाना हादसों का सबब बन रहे हैं। पिछले आठ महीने में एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मवेशियों से टकराने से हुए हादसों में मौत हो चुकी है और 50 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। इधर, इस मामले में शुक्रवार को महापौर मालती राय की अध्यक्षता एवं जिला कलेक्टर आशीष सिंह व निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए की मौजूदी में बैठक हुई। जिसमें आवारा मवेशियों को पकड़ने की मुहिम चलाने का फैसला लिया गया था। जिसके बाद विगत शनिवार से मवेशियों को पकड़ने की मुहिम शुरू कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में गोवर्धन परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया था कि कांजी हाउस भर गए हैं। जिन गौशालाओं को गोवंश भेजा जाता था, उन्होंने लेना बंद कर दिया है।

अपराध 17 लाख रूपये हड़पने वाला रोमानिया नागरिक गिरफ्तार

कूड़े में फेंकी पर्ची में मिला था फिरोज का नंबर,उससे ही पकड़ में आया

भोपाल,यशभारत। बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम के क्लान तैयार करीब खाता धारकों के 17 लाख रुपये हड़पने रोमानिया नागरिक आयोनेल मियु तक पहुंचता साइबर पुलिस के लिए आसान नहीं था। घटना के सामने आने के बाद पुलिस करीब 20 दिन से ज्यादा समय दिल्ली में गुजारा। पुलिस ने डेढ़ सौ से ज्यादा सीसीटीवी खंगाल डाले थे, इसमें पुलिस को एक कार और आटो का नंबर मिल गया था, लेकिन इन लोगों को उनको जो बुकिंग करने वाला मोबाइल नंबर मिला वह बंद था। साइबर क्राइम पुलिस के पास इतना समय नहीं था कि वह आरोपितों के मोबाइल नंबर की डिटेल आने का इंतजार करते। पुलिस ने उन कार वालों से पूछताछ की, वे उन्हें होटल पर ले गए,जहां से आरोपित को उन्होंने छोड़ा था। आरोपित फरार हो गए थे,लेकिन उस अपार्टमेंट के पास कूड़े में पुलिस को एक खाली पर्ची मिली। उस पर आरोपित फिरोज का नंबर मिल गया और वह उसके घर तक पहुंच गई।

पुलिस उपायुक्त श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि रोमानिया नागरिक आयोनेल मियु और ठाणे महाराष्ट्र का रहने वाला फिरोज अहमद को जब अखबारों में भोपाल के बैंक आफ बडौदा के बारे में पता चला तो वह अलर्ट हो गए थे, वह रोजाना इसके लिए अखबार के साथ टीवी देखने लग गए थे। जैसे कुछ दिन साइबर टीम के दिल्ली पहुंचने की जानकारी उनको हुई तो वह फरार हो गए थे, लेकिन साइबर की टीम के एसआइ रमन शर्मा, प्रधान आरक्षक आदिल्य साहू, तेज राम सेन, प्रताप और सुनील सिलावट की मेहनत थी कि कूड़े ढ़ेर से मिली एक पर्ची से वह आरोपित फिरोज और उसकी पत्नी तक पहुंच गए और मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर पाने में कामयाब हुए। इधर, दोनों आरोपितों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

डेढ़ लाख रुपये के लालच में फंसा फिरोज

फिरोज को रोमानिया नागरिक आयोनेल मियु ने फिरोज को अपने साथ मिलाने के लिए उसे दो लाख रुपये महीने देने का झांसा देकर अपने साथ मिला लिया था। इस पर फिरोज तैयार हो गया था। उसके लिए शराब ,कोकिन , सिगरेट, शहर में होटल और कार की इंतजाम करना फिरोज का काम था। रोमानिया नागरिक फिरोज के अलावा किसी और से बात नहीं करता था। फिरोज को सब पता था कि इस तरह से रुपये कमाता था, उस पर आनलाइन धोखाधड़ी की वारदात करता हैं।

स्वजनों एक बार आए फिर नहीं आए मिलने

आरोपित आयोनेल मियु के मुंबई में साइबर धोखाधड़ी में गिरफ्तार होने के बाद उसके स्वजन रोमानिया से सिर्फ 2017 में मिलने आए थे, उसके बाद वह दोबारा कभी उससे मिलने नहीं आए, हालांकि वह अपने स्वजनों से लगातार संपर्क में रहता था। वह रोमानिया में अपने दोस्तों से इस प्रकार की जानकारी जुटाता था।

मामूली विवाद के बाद सब्जी वाले की चाकू मारकर हत्या

भोपाल, ईएमएस। कोलार थाना क्षेत्र के कजली खेड़ा में गुरुवार देर रात दो युवकों में मामूली कहासुनी के बाद हिंसक टकराव हो गया। देखते ही देखते एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से दनादन वार कर दिए। गंभीर रूप से जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां डाक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 25 साल का वीरम सिंह कजली खेड़ा, कोलार में रहता था और सब्जी का ठेला लगाता था। इसी इलाके में चाऊमीन का ठेला लगाने वाले एक युवक से गुरुवार देर रात उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर बात हाथापाई पर आ गई। इसी दौरान आरोपित युवक ने चाकू निकाला और वीरम सिंह पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल वीरम को अस्पताल ले जाया गया वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।अस्पताल की सूचना पर कोलार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर आरोपित की तलाश शुरु कर दी है। देर रात में आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें रवाना हो गई थी। राजधानी में पिछले चार दिन में तीन हत्याओं के मामले सामने आ चुके हैं।

» न्यूज गैलरी

बेलखाडू में मनाया गया जगद्गुरु शंकराचार्य जी का जन्मोत्सव

बेलखाडू , यशभारत। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज का 54 वां जन्मदिवस बेलखाडू में धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें ग्रामीणों ने गुरुदेव शंकराचार्य जी के चित्र का पूजन अर्चन किया एवं ग्रामीणों द्वारा प्रसाद का वितरण किया एवं एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर गुरुदेव जी का जन्मोत्सव मनाया इस अवसर पर रमेश चतुर्वेदी नितिन चतुर्वेदी रामराज भुर्रक तरुण चतुर्वेदी नीलेश साहू रामकुमार साहू विजय विश्वकर्मा राजकुमार साहू महेंद्र काछी रितिक साहू आदि उपस्थित रहे।

सुरेश महेरे बने सेवादल के जिला महामंत्री

बेलखाडू, यशभारत। कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सत्येंद्र यादव की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव की अनुशंसा पर जबलपुर जिला अध्यक्ष शिव नामदेव ने बेलखाडू के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश महेरे को जिला महामंत्री पद पर नियुक्त किया है।

21 को बोल बम कावड़ यात्रा ग्वारीघाट से छतरपुर निमोरा तक जाएगी

पनागर, यशभारत। बोल बम कावड़ यात्रा पनागर के तत्वाधान में 21 अगस्त सोमवार सुबह 7.00 बजे से बोल बम कावड़ यात्रा द्वितीय श्रावण शुक्ल पक्ष नाग पंचमी के शुभ अवसर पर प्रारंभ की जाएगी जो मां नर्मदा तट ग्वारीघाट से प्रारंभ होकर पनागर होती हुई लीला बिहारी शिव धाम ग्राम छतरपुर निभोरा मैं समापन किया जाएगा आयोजन समिति के लालू केवट गोलू बर्मन जमन यादव ने समस्त धर्म में प्रेमी जनों से भाग लेकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

पार्टी द्वारा तय किए गए प्रत्याशी के लिए सभी को एक जुट होकर काम करना होगा- प्रहलाद पटेल

भाजपा का गोटेगांव विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

नरसिंहपुर गोटेगांव , यशभारत। स्थानीय नई कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित विधानसभा भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यअतिथि केंद्रीय मंत्री .प्रहलादसिंह पटेल एवं केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अमिता चपरा, नरसिंहपुर विधायक जालमसिंह पटेल ने सर्वप्रथम भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय पं.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर तिलक रोरी लगाकर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के उपरांत भाजपा पार्टी का ध्वजारोहण करने के पश्चात केंद्रीयमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहाकि भाजपा सरकार द्वारा जनहित के कार्यो को जन-जन तक पहुंचना है । सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैशी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित कर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष मतदान करने के लिए ग्राम व शहरों में प्रचार प्रसार करते लोगों को जागरूक करें ताकि आगामी चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल कर सके मध्य प्रदेश में चुनावी शंखनाद के प्रथम श्रेणी में गोटेगांव विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी महेंद्र नागेश को समस्त कार्यकर्ताओं को मिलकर शानदार जीत हासिल करानी है परिवारवाद को देश के लिए खतरा बताते हुए कहा कि इतने बरसों से यदि भारत में परिवारवाद ना होता तो आज भारत विकसित राज्यों की पंक्ति में सबसे आगे होता बीजेपी में चाहे राष्ट्रीय अध्यक्ष हो चाहे प्रधानमंत्री हो उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एक कार्यकर्ता के रूप में की थी और आज उसी का परिणाम हैकि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री है तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री प्रहलादसिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहाकि गोटेगांव नगर के लोकल कार्यकर्ता को विधानसभा चुनाव हेतु टिकिट दी है यह बडे हर्ष का विषय है अब हमें जीतने के लिए हर हाल में समस्त कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ताकत झोंककर पार्टी के लिए काम करते हुए भाजपा को जीत दिलानी है सभी कार्यकर्ताओं को 2023 के विधानसभा चुनाव एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने तथा पीएम के विजन को घर-घर पहुंचने की बात के साथ ही चंद्रयान 3 की चरणबद्ध सफलता को लेकर कहाकि भारत आज अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता एवं भारत के वैज्ञानिकों की समर्थकता से आज हम विश्व में नंबर वन बनने जा रहे है जब चंद्रयान-2 में विफलता हुई थी तो प्रधानमंत्री ने स्वयं विज्ञानों के पास जाकर उनका हौसला बढ़ा कर कहा थाकि आज से ही हमें अपने नए चरण की ओर बढ़ता है और आज उसका परिणाम सबके सामने है न केवल चंद्रमा पर बल्कि पूरे विश्व में भारत पहले पायदान पर है तत्पश्चात डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अमिता चपरा जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा सहित अन्य जनप्रति निधियों ने कार्यकत्त मंच संचालन सतीश अग्रवाल एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार प्रदर्शन निधानसिंह पटेल द्वारा किया गया मंचासीन अतिथियों में नरसिंहपुर विधायक जालमसिंह पटेल जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा जिला संयोजक भूपेंद्रसिंह कैबिनेट मंत्री अमिता चपरा हरिगोविंदसिंह पटेल नरसिंहपुर विधानसभा संयोजक महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी गोटेगांव विधान सभा प्रभारी पं.संतोष दुबे गोटेगांव विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र नागेश विधायक हाकमसिंह चढ़ार जनपद अध्यक्ष श्रीमती आरती, सतीश पटेल नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर राजकुमार जैन नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे श्रीमती आशा राजेश झरिया जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती जानकीदादूराम पटेल जिला महामंत्री श्रीमति संगीता राकेश शर्मा डॉ.वंदना आर्य मुकेश चौकसे एकमसिंह पटेल मंडल अध्यक्ष अभिषेक पटेल देवेंद्र पटेल राजकुमार गुमास्ता लक्ष्मण पटेल सरपंच संघ अध्यक्ष इं.देवदत्त पचौरी सरपंच संघ उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंकाराहुल खेमरिया अर्चनाचौकसे उमा पाराशर उमापटेल दुर्गा आर्य गिठ्ठल राय पं.जितेंद्र चौबे भानुमति तिवारी जगदीशश्रीवास रूपसिंह ठाकुर लंकेश जैन सहित अनेक जन प्रतिनिधि विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एसडीएम कार्यालय का घेराव करने जा रहे एन एस यू आई नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गाडरवारा(यश भारत) । भारतीय राष्ट्रीय छात्र के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आयुष अग्रवाल के संयोजन में मध्य प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी पटवारी भर्ती में फर्जीवाड़ा बढ़ती बेरोजगारी सहित भ्रष्टाचार के खिलाफ एसडीएम कार्यालय का घेराव करने आंदोलन किया गया । पानी टंकी के पास से एनएसयूआई युवा कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए बरसते पानी में जुलूस निकालकर एसडीएम कार्यालय का घेराव करने जा रहे थे पलोटन गंज में पुलिस ने बैरिकेड लगाकर आंदोलनकारियों को रोका लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेड अलग कर तहसील कार्यालय की जाने का प्रयास करने लगे तब पुलिस ने हलका बल प्रयोग कर कार्यकर्ताओं को जाने से रोका इसके साथ ही आंदोलनकारियों पर वाटर कैनन चलाकर रोकने का भरपूर प्रयास किया इसके बाद भी कार्यकर्ता जोश के साथ नारेबाजी करते हुए आगे बड़े पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर अस्थाई जेल पहुंचाया । पलोटन गंज में मंदिर के सामने बरसते पानी में सड़क पर बैठकर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सुनीता पटेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध जताया । एनएसयूआई के कार्यकर्ता तख्त बदल दो ताज बदल दो बेईमानों का राज बदल दो के नारे लगाते रहे । आंदोलन के पूर्व पानी टंकी के पास भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है भाजपा सरकार में डंपर घोटाला, व्यापम घोटाला के बाद इतना बड़ा फर्जी पटवारी घोटाला कर दिया । भाजपा सरकार झूठ का पुलिंदा है चुनाव आते ही मामा कोरी घोषणा करने लगे हैं प्रदेश की जनता भाजपा की कथनी और करनी को समझ चुकी है आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी । विधायक श्रीमती सुनीता पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनीता रवि शेखर जायसवाल, कांग्रेस नेता बसंत डागा, मनीष राय, जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव, रविशेखर

बरसते पानी में भीगते हुए कार्यकर्ताओं ने किया आंदोलन

सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते हुए विधायक ने जताया विरोध

जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जिनेश जैन, दिग्विजय सिंह, छोटे राजा कौरव, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनीष कौरव अतुल चौरसिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल ठाकुर, जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रीति मिश्रा, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सौरव शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी से सुनील सोनी सुभाष राय, सतीश सैनी, राजीव दुबे, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक कौरव, राजुल शेखर, जायसवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम बरहैया, रोहित पटेल परेश यादव आदि ने भाजपा सरकार की जमकर आलोचना कर संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ छल कपट किया है मध्य प्रदेश में कांग्रेस की चुनी हुई सरकार को पैसे के बल पर विधायकों की खरीद फरोख्त कर लोकतंत्र की हत्या करते हुए कांग्रेस की सरकार को चलने नहीं दिया । आज महंगाई चरम सीमा पर है शिक्षित बेरोजगार युवा रोजगार के लिए भटक रहा है प्रदेश में अराजकता का माहौल है । ऐसी नकारा और निकम्मी सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी । मध्यप्रदेश में कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी कमलनाथ जी द्वारा नारी सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 15 सौ रुपए , 5 सौ रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ 200 यूनिट बिजली बिल हाफ होगा पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी । कांग्रेस की सरकार बनते ही मध्य प्रदेश में इन योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा । आंदोलन में महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता जायसवाल, ठाकुर शरद सिंह, मुकेश गुप्ता बंटू, अवधेश रूसिया, राजुल शेखर जायसवाल, रूपेश राय, कपिल दुबे, राजदीप दुबे, वीरू व्यास, मोनू झिरा, पार्षद राहुल राय, जितेंद्र बिल्थरे, मनीष कौरव, सुनील दुबे, अनिल कौरव, मुकेश नीरस, हरि सिंह अहिरवार, हर्षित रूसिया, यश राय अफजल खान, लकी अली, सौरव पटेल, बिट्टू राजपूत, नरेंद्र कोरी, जित्तू सराठे, कपिल ठाकुर सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे । अस्थाई जेल में गिरफ्तार किए गए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कुछ घंटों के बाद छोड़ दिया गया । आंदोलन के दौरान भारी तादाद में पुलिस बल मौजूद रहा । पलोटन गंज क्षेत्र पुलिस छावनी जैसा नजर आ रहा था ।

परियट में रोड पर गंदगी का आलम

रोड के बाजू में नही है नाली

पनागर , यशभारत। परियट पनागर में रोजाना गंदगी का आलम है जिसका प्रभाव आम नागरिकों ओर वाहन चालकों पर पड़ रहा है एक तो परियट में दर्जनों डेरी होने के कारण बैसे भी रोड में दोनों तरफ गंदगी का आलम होता है जिससे राहगीर सबसे ज्यादा परेशान है और यहां रोड किनारे नाली न होने के कारण पूरा कीचड़ रोड पर ही फैला रहता है और बरसात के समय गंदे पानी के छीटे लोगो को परेशान करते है जिससे आम जन बहूत परेशान है और प्रशासन से उचित व्यवस्था की मांग के साथ नाली निर्माण और फेल रही गंदगी पर रोक लगाने की मांग कर रहे है।

कलेक्टर ने मधु कतिया को किया सम्मानित

नरसिंहपुर गोटेगांव , यशभारत। कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व की शुभ बेला पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं एसपी अमित कुमार ने जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया इसी तारतम्य में गोटेगांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मधु कतिया द्वारा मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जन-जन तक जानकारियां पहुंचने के साथ-साथ गौरा देवी वार्ड क्रमांक 10 में वर्ष 2023 के दौरान बीएलओ में कार्यो को तत्परता से समय सीमा में विधिवत तरीके से निष्ठापूर्वक करने पर जिला कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदत्त कर सम्मानित कर हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना देने के उपरांत समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारियों एवं जिलावासियों को राष्ट्रीय पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे.

नरसिंहपुर पहुंची कांग्रेस की परिवर्तन विश्वास यात्रा,गिरते पानी में भी कम नहीं हुआ नौजवानों का होंसला

नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत। परिवर्तन विश्वास यात्रा गत दिवस नरसिंहपुर से करेली के लिए रवाना हुई, इस अवसर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, लाखन सिंह पटेल, मैथिलीशरण तिवारी, डॉ. संजीव चांदोरकर, जनपद अध्यक्ष शैलेन्द्र राजपूत उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल ब्लॉक अध्यक्ष अमित राय गोलू पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीना शाह, निकिता सक्सेना सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने यात्रा संयोजक इंजी. साहिल सिंह राजपूत यात्रा व्यवस्थापक आशीष राय सहित सभी पैदल यात्रियों का स्वागत किया।मध्यप्रदेश में सरकार के परिवर्तन के लिए गोटेगांव से भोपाल तक परिवर्तन विश्वास यात्रा लेकर कांग्रेस पार्टी के युवा नेता इंजी. साहिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में यात्रा व्यवस्थापक आशीष राय, प्रमोद मेहरा तारिक खान देवेन्द्र प्रजापति ललित उईके रजनेश चढ़ार धरम साहू ऋषभ बैरागीरितिक तिवारी सहित गोटेगांव के नौजवान कांग्रेस कार्यकर्ता 13 दिन 300 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले हैं। इस दौरान कांग्रेस नेता नरेश बिलबार जनपद सदस्य अरविंद पटेल मीनू राजपूत पूर्व पार्षद सरीफ ख़ान बब्लू राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चिंता मानव को चिता की ओर खींचती है-पं.श्याम नंदनजी

नरसिंहपुर गोटेगांव, यशभारत। विगत दिवस स्थानीय श्री शंकराचार्य धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री पार्थिव शिवलिंग निर्माण भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पं.अभिषेक दीक्षित श्यामनंदन जी महाराज ने भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र सुनते हुए कहाकि प्रहलादजी ने भगवान का चिंतन किया और भगवान को प्रहलाद जी के ऊपर कृपा करने के लिए नरसिंह रूप धारण करना पड़ा और भगवान नरसिंह रूप धारण करके प्रहलाद जी की रक्षा कर प्रहलाद के ऊपर कृपा की क्योंकि प्रहलाद ने नन्हीं सी आयु में भगवान का चिंतन किया तो भगवान ने उनके ऊपर कृपा की तत्पश्चात चिंतन और चिंता में अंतर बताते हुए कहाकि चिंता मानव को चिता की ओर खींचती है और चिंतन परमात्मा की ओर खींचता है तत्पश्चात श्रीराम कथा का सभी भक्तों को श्रवण करने के उपरांत श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर पूर्व पार्षद पुष्पा घोषी नारायण राजपूत पार्षद सतीश अग्रवाल बृजलाता पवन साहू सुभाषचंद्र मुन्नीबाई सिया नेमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुबंधु उपस्थित थे।

बघोड़ा पुल फिर डूबा पुल पर आया करीब 10 फीट पानी

बारिश से फसलों में दिखी रौनक किसानों ने ली राहत की सांस

बेलखाडू , यशभारत। गुरुवार रात से हुई बारिश के चलते बेलखाडू से पनागर मार्ग के बघोडा पुल पर करीब 10 फीट पानी आ गया जिससे आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया जिसके चलते लोगों को पनागर जाने के लिए बाईपास से घूम कर जाना पड़ रहा है यह पुल इस साल की बारिश में चौथी बार डूबा है।

विगत 15 दिनों से बारिश न होने से सबसे अधिक धान की फसल प्रभावित हो रही थी खेतो में पानी की कमी से बड़ी बड़ी दरारें पड़ गयी थी बही फसले पीली पड़ कर सूखने की कगार पर पहुँच गयी थी देर गुरुवार रात से जारी बारिश के चलते अब फसलों में रौनक नज़र आने लगी है जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है बही जिन क्षेत्रों में नहरे नही है बहा किसान बारिश न होने से खासे परेशान नज़र आ रहे थे मानसून की एक बार फिर सक्रियता से किसानों की फसलों में बारिश ने जान फूंक दी है किसान अरविंद साहू नीलेश पटेल आशीष पटेल शैलेश पटेल अभिषेक पटेल संदीप यादव आदि ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक साथ हुई बारिश के बाद बीते 15 दिनों तक पानी न गिरने से कई खेतों में लगी धान की फसल सूखने की कगार पर पहुँच गयी थी गुरुवार रात से हुई बारिश से फसलों को राहत मिली है सूखे खेतो में खाद भी डालना मुश्किल हो रहा था।लेकिन अब बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी आ गई वहीं मौसम भी ठंडा हो गया है ।

मतदाता सूची में नाम काटने जोड़ने चल रहा अभियान

तेंदूखेड़ा यशभारत। निर्वाचन चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 2 अगस्त से 31 अगस्त चलाये जा रहे, विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्र व्यक्ति अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है, साथ ही जो भी युवा 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, युवा, युवती अपना नाम भी जुड़वा सकते है।बी एल ओ केंद्र बूथों तथा घर घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ना , नाम कटना, संशोधन का कार्य बीएलओ के द्वारा किया जा रहा है। आज से दो दिन के लिए जिसके अंतर्गत 19 एवं 20 अगस्त को निर्वाचन विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

भूखे रहकर जारी रखा सिहोरा जिला आंदोलन

आंदोलित समिति की सलाह, विधायक अपना काम करे बाधाएं दूर करना मुख्यमंत्री का काम

सिहोरा, यशभारत। सिहोरा जिला की मांग पर सिहोरावासी अब किसी भी स्थिति में पीछे हटने को तैयार नहीं है।दो दिन के शानदार बंद के बाद अब शुक्रवार से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू हो गई।समिति ने भूख हड़ताल के पहले ही दिन आक्रामक रुख अपनाते हुए सिहोरा की विधायक के सिहोरा जिला के लिए पड़ोसी विधायको पर आशा करने सहित मुख्यमंत्री की क्षमता का सही आकलन न होने तक का आरोप लगाया।

ये बैठे भूँख हड़ताल पर -

शुक्रवार को भूख हड़ताल के पहले जत्थे में आशीष तिवारी,जफर अहमद कुरैशी,उमेश चौबे और अजय विश्वकर्मा धरने में बैठे।

विधायक की कार्यशैली पर प्रश्न

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के वरिष्ठ सदस्य और सेवा निवृत प्राध्यापक नागेंद्र कुररिया ने सिहोरा विधायक की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए कहा कि नगर में प्रचारित है कि विधायक सिहोरा तो जिला चाहती है पर उन्हें पड़ोसी क्षेत्र मझौली और बहोरीबंद के विधायकों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। कुररिया ने कहा कि यह तरीका ही सही नहीं है सिहोरा विधायक को सिहोरा जिला की मांग प्रदेश की मुखिया के समक्ष वजनदारी से रखना चाहिए ।जिला का स्वरूप कैसा होगा ये कैसे बनेगा यह निर्णय करना मुख्यमंत्री का काम है ना कि स्वयं विधायक का ।इससे ऐसा प्रतीत होता है कि विधायक मुख्यमंत्री की क्षमता से अनजान है।विधायक को समझना चाहिए कि नए जिले के गठन के समय ऐसी आने वाली दिक्कतों को मुख्यमंत्री जी द्वारा हल करना कोई पहली बार नहीं है।

जनता से मत ले मुख्यमंत्री

समिति के आनंद प्रकाश जैन ने मुख्यमंत्री से मांग की कि उन्हें किसी विधायक के विरोध या समर्थन पर गौर करने की बजाय पीड़ित जनता का मत जानना चाहिए।समिति सदस्य ने दावा किया कि सिलोंडी,ढीमरखेड़ा,पान उमरिया, खमतरा, बचैया, बाकल,बहोरीबंद, कुआ, स्लीमनाबाद, मझौली, गोसलपुर, मझगवां,बघराजी, बुढ़ागर सहित सैकड़ों गांवों की जनता के लिए सिहोरा का जिला बनाया जाना उनके साथ न्याय होगा।मुख्यमंत्री को लोकतंत्र में जनता के हित में निर्णय लेना चाहिए।

जो विरोधी सामने आए

जब से सिहोरा में बंद का प्रदर्शन हुआ है यह बात बार-बार प्रचारित की जा रही है कि अनेक पड़ोसी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सिहोरा जिला बनने में अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं । ऐसे विरोधी क्षेत्रों में जिन क्षेत्रों का नाम लिया जा रहा है उन क्षेत्रों के होने वाले विधानसभा चुनावों में सिहोरा क्षेत्र के नागरिकों की सीधी सहभागिता होती है। यदि वाकई में ये क्षेत्र और वहां के जनप्रतिनिधि सिहोरा के जिला बनने में बाधा पैदा कर रहे हैं तो उनका असली चेहरा सामने आना चाहिए। आज की धरना प्रदर्शन में समिति के अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, राम जी शुक्ला, नीतीश खरया,रमाशंकर चौरसिया, आनंद प्रकाश जैन ,कान्हा पांडे, संजय सेंगर ,राजभान मिश्रा, मानस तिवारी ,अमित बक्शी, विकास दुबे ,सुशील जैन, नत्थू पटेल ,संचित आम्रकार, शरद सेठ,अनुराग सोनी सहित अनेक सिहोरा वासी मौजूद रहे।

मैं किसी की राय को गंभीरता से नहीं लेता : जसप्रीत बूमराह

मुझे बहुत कुछ योगदान देना है

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले कुछ सालों से टीम इंडिया एक के बाद एक कई खिलाड़ियों की चोट की वजह से परेशान है लेकिन भारतीय क्रिकेट फैंस को किसी भी खिलाड़ी की कमी उतनी नहीं खली जितनी कि जसप्रीत बुमराह की. ये तेज गेंदबाज पिछले साल ना एशिया कप में खेला और ना ही टी20 विश्व कप में. ऑस्ट्रेलिया में हुई विश्व कप सेमीफाइनल में जब इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के छक्के छुड़ा रहे थे तो भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा को भी बुमराह की ही याद आई.

अब जबकि बुमराह आयरलैंड के खिलाफ दौरे के साथ टीम इंडिया में लौट आए हैं तो उन पर फैंस की उम्मीदों का दबाव है. कोच द्रविड़ और कप्तान रोहित, दोनों ही चाहेंगे कि बुमराह आगामी एशिया कप और वनडे विश्व कप टूर्नामेंट में भारतीय पेस अटैक की अगुवाई करें लेकिन इस दिग्गज गेंदबाज ने अपने ऊपर जरूरत से ज्यादा दबाव लेने से साफ इंकार कर दिया है.

गुरुवार को आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब उनसे रोहित और द्रविड़ की उम्मीदों के बारे में पूछा गया तो बुमराह ने कहा, ÷मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं लेकिन चाहे वे अच्छी हों या बुरी, मैं किसी की राय को गंभीरता से नहीं लेता. मैं खुद पर दबाव नहीं डालना चाहता. मैं अपने ऊपर अनावश्यक उम्मीदें नहीं रखता.

बुमराह ने कहा, ÷मैं लंबे समय के बाद वापस आ रहा हूं. मैं अभी इसका आनंद लेना चाहता हूं. मैं यह नहीं सोच रहा हूं कि मुझे बहुत योगदान देना है या मैं सब कुछ बदल दूंगा. मैं कम से कम उम्मीदों के साथ आ रहा हूं. अगर दूसरे उम्मीद कर रहे हैं, तो यह उनकी समस्या है, मेरी नहीं.

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पिछले काफी समय से पीठ में तनाव फ्रैक्चर से उबरने के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में काम कर रहे हैं. अपनी रीहैब प्रक्रिया के बारे में उन्होंने कहा, सब अच्छा है, वापस आकर बहुत खुश हैं. एनसीए में बहुत मेहनत की है. यह एक लंबा सफर रहा है लेकिन हां, वापस आकर बहुत खुश हूं. मैं इसका इंतजार कर रहा हूं.

उन्होंने कहा, कुछ चीजें हैं जो आपके हाथ में नहीं हैं. आपको अपने शरीर का सम्मान करना होगा और उसे ठीक होने के लिए समय देना होगा. लेकिन इससे होता ये है कि वह आपको भूखा रखता है. मुझे समझ में आया कि जैसे ही मेरा शरीर ठीक हुआ, मैं थोड़ा अतिरिक्त कर सकता हूं. मैं पीछे नहीं हट रहा हूं. मैंने कई नेट सेशन किए हैं. सिर्फ एनसीए में ही नहीं, यहां तक कि गुजरात टीम के साथ घर पर भी. मुझ पर कोई रोक नहीं है. शरीर अच्छा महसूस करता है.

चोटिल होकर क्रिकेट से मैदान से दूर जाने से पहले बुमराह तीनों फॉर्मेट में भारत के सबसे अहम खिलाड़ी थे लेकिन सर्जरी के बाद जब वो टीम इंडिया से बाहर थे तो लोगों ने उनके करियर के खत्म होने की भविष्यवाणी करना शुरू कर दिया था.

उन्होंने कहा, जब आपकी चोट गंभीर हो जाती है तो यह कई बार निराशाजनक हो जाता है. लेकिन खुद की काबिलियत पर शक करने और यह सोचने के बजाय कि मैं वापस नहीं आ पाऊंगा.. मैंने अपने शरीर का सम्मान किया. मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं खत्म हो गया हूं या ये मेरे बुरे दिन हैं. मैं हमेशा सकारात्मक रहता था और उस खेल में वापस आने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करता था जो मुझे पसंद है.

बुमराह ने बुधवार को टीम इंडिया के साथ अपने पहले अभ्यास सेशन में हिस्सा लिया. जब उनसे अभ्यास सेशन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ÷मैं पहले जैसा खिलाड़ी ही हूं. मुझे हमेशा अपनी क्षमता पर बहुत भरोसा रहा है. हां, जाहिर तौर पर मैं समझता हूं कि मैं लंबे ब्रेक के बाद वापस आ रहा हूं. तो जाहिर तौर पर आप अपने तरीके से काम करना चाहते हैं. आप अपने खेल का आनंद लेना चाहते हैं. आप धीरे-धीरे हर मैच के साथ बेहतर होते जाना चाहते हैं।

एक बार फिर चोटिल हुए पृथ्वी शॉ; महीनों तक रहेंगे क्रिकेट के मैदान से दूर

गुरुवार को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारत के पृथ्वी शॉ. (एएनआई फोटो)

लंदन7 काउंटी क्रिकेट में धमाकेदार शतक जड़ रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड में रॉयल लंदन वन डे कप में नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेल रहे शॉ को डरहम के खिलाफ मैच के दौरान घुटने में चोट लग गई थी. जांच के बाद पता चला कि चोट काफी गंभीर है, जिसके बाद शॉ के एसीएल इंजरी की वजह से अगले कुछ महीनों के लिए क्रिकेट मैदान से दूर रहने की संभावना है.

एशिया कप से पहले श्रीलंका में भिड़ेंगे अफगानिस्तान और पाकिस्तान

नई दिल्ली, एजेंसी। एशिया कप की शुरुआत होने में अब सिर्फ दो सप्ताह का ही समय बचा है. इससे पहले एशिया की दो टीमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान (क्क्य 1ह्य ,स्त्र) की टीमें श्रीलंका में 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेंगी. एशिया कप के 9 मैचों की मेजबानी भी श्रीलंका को करनी है. ऐसे में यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए खास है. वैसे भी जब ये दोनों टीमें मैदान पर एक-दूसरे के खिलाफ उतरती हैं तो इनकी आपसी प्रतिद्वंद्विता भी चरम पर रहती है. दोनों टीमों के खिलाड़ी कई मौकों पर एक-दूसरे से भिड़ भी चुके हैं. ऐसे में इस सीरीज में भी रोमांच का तड़का लगना तय है. भारतीय फैन्स भी इस सीरीज को देखने के लिए बेताब हैं

भारतीय क्रिकेट फैन्स के अच्छी खबर है कि इन मैचों का प्रसारण भारत में होगा. यूरोस्पोर्ट इंडिया ने गुरुवार को तीन मैचों की इस वनडे सीरीज के लिए विशेष प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए हैं. यह वनडे सीरीज 22 अगस्त से खेली जाएगी. यह तीनों एकदिवसीय मैच श्रीलंका के हंबनटोटा और कोलंबो में खेले जाएंगे। दोनों टीमों के लिए यह सीरीज एशिया कप और वर्ल्ड कप-2023 से पहले तैयारी करने का बेहतरीन मौका होगा. एशिया कप 30 अगस्त से शुरू होने वाला है, जबकि विश्व कप 5 अक्टूबर से शुरू होगा।

रुचिर जैन ने कहा, 'क्रिकेट भारत में एक धर्म है, और यूरोस्पोर्ट को प्रशंसकों के लिए अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एकदिवसीय सीरीज का लाइव कवरेज लाने पर गर्व है. हमें विश्वास है यह हमारे लिए सिर्फ शुरुआत है और हम भविष्य में भारतीय फैंस की स्क्रीन पर और अधिक हाई-प्रोफाइल गेम लाना जारी रखेंगे।

राशिद खान, नूर अहमद, मोहम्मद नबी और मुजीब-उर-रहमान जैसे खिलाड़ियों के साथ अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान के खिलाफ जीत की उम्मीद कर रही है. दूसरी ओर बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम इमामुल-हक, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के साथ मैदान में होगी।

टीम इंडिया की फ्लाइट में बैठकर रिंकू सिंह ने की मम्मी से बात, बोले- सपना सच हुआ

नई दिल्ली,ईएमएस। टीम इंडिया इन दिनों जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में आयरलैंड दौरे पर है. यहां भारतीय टीम के साथ युवा ब्रिगेड को उतारा गया है, जबकि सीनियर खिलाड़ी एशिया कप के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं. ये खिलाड़ी 23 अगस्त से बेंगलुरु में खास ट्रेनिंग कैम्प में हिस्सा लेंगे, जबकि चोट से वापसी कर रहे बुमराह युवा ब्रिगेड का नेतृत्व कर आयरलैंड के खिलाफ ताल ठोकेंगे. इस दौरे पर आईपीएल में सनसनी बने रिंकू सिंह को भी मौका मिला है और उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि फ्लाइट के बिजनेस क्लास में टीम इंडिया की जर्सी पहनकर वह कितना गर्व महसूस कर रहे हैं और साथ ही उन्होंने फ्लाइट में बैठकर अपनी मां से बात की, जिसमें उन्होंने अपना और अपनी मां का सपना सच होने की बात कही. भारत डबलिन में तीन मैचों की टी20 सीरीज का शुक्रवार से आगाज करेगा. इस मैच से पहले बीसीसीआई ने अपने ट्विटर हैंडल पर रिंकू सिंह और युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के साथ एक खास गुफ्तगू का वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में रिंकू सिंह ने बताया कि भारत के लिए खेलना उनका और उनकी मां का खास सपना था, जो अब पूरा होता दिख रहा है. इस वीडियो में रिंकू सिंह को एयरपोर्ट पर एंट्री करने से लेकर फ्लाइट में बैठने और फिर आयरलैंड के ठंडे मौसम में अभ्यास करते हुए दिखाया गया है. जितेश इस इंटरव्यू में एंकर की भूमिका निभा रहे हैं, जो रिंकू सिंह को आईपीएल के सुपरस्टार कहकर संबोधित करते हैं. इसके बाद वह उनसे पूछते हैं कि बिजनेस क्लास में बैठकर और टीम इंडिया की जर्सी पहनकर विदेश में पहुंचकर कैसा लग रहा है. इसके जवाब में रिंकू सिंह ने कहा, 'काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह भारत के लिए खेले. मैंने फ्लाइट में बैठकर मम्मी को कॉल की. क्योंकि उनका भी सपना था कि मेरा बेटा इंडिया के लिए खेले और आज उनका और मेरा सपना पूरा हो रहा है।

बांग्लादेश में 9 साल बाद कदम रखेगी न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप से पहले खेलेगी वनडे सीरीज

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड टीम दस साल में पहली बार बांग्लादेश का दौरा करके सितंबर और नवंबर में वनडे और टेस्ट सीरीज खेलेगी. तीन मैचों की वनडे सीरीज भारत में होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारी के लिये अहम होगी. वर्ल्ड कप 2023 की शुरूआत पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड और चैम्पियन इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के जरिये होगी. बांग्लादेश को वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में सात अक्टूबर को धर्मशाला में अफगानिस्तान से खेलना है.

मीरपुर में होगा दौरे का आगाज

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दौरे का आगाज 21 सितंबर को होगा. तीनों मैच 21, 23 और 26 सितंबर को मीरपुर के शेर ए बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे. टेस्ट सीरीज नवंबर के आखिर में वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगी. पहला मैच 28 नवंबर से दो दिसंबर तक और दूसरा छह से 10 दिसंबर तक खेला जायेगा जिनके मेजबान शहर का ऐलान बाद में किया जायेगा.

9 साल बाद न्यूजीलैंड करेगी दौरा

न्यूजीलैंड ने पिछली बार पूर्ण सीरीज के लिये 2013 में बांग्लादेश का दौरा किया था. दो मैचों की टेस्ट सीरीज ड्रॉ रही थी जबकि तीन मैचों की वनडे सीरीज बांग्लादेश ने 3-0 से जीती थी. न्यूजीलैंड टीम ने एक टी20 मैच जीता था.

अक्षय ने नहीं लिया एक भी रुपया ! एक्टर ने थामा हाथ तभी बनी फिल्म

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म 'ओएमजी 2' की जबरदस्त सफलता से बेहद खुश हैं और टीम का हर सदस्य इसकी अपार सफलता से खुशी से झूम उठा है. 'ओएमजी 2' रिलीज के सातवें दिन भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है. अक्षय कुमार की फिल्म 'ओह माय गॉड 2' को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है. फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम ने भी मुख्य भूमिका निभाई है. फिल्म को सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट दिया था. निर्माता और फिल्म के कलाकार सेंसर बोर्ड के इस फैसले से निराश हैं क्योंकि फिल्म किशोरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है. ऐसे में अब निर्देशक अमित राय ने फिल्म को निर्माता न मिलने पर भी बात कही है और साथ ही फिल्म के बजट और अक्षय कुमार के फीस पर भी अपनी राय दी है, जो हैरान करने वाली है.

अक्षय कुमार ने नहीं वसूली फीस

हस्ल्र 2 के प्रोड्यूसर ने हाल ही में मीडिया में आकर ये साफ कर दिया है कि अक्षय कुमार ने इस फिल्म के लिए एक पैसा नहीं लिया है. दरअसल मीडिया में खबरें चल रही थीं खिलाड़ी कुमार ने इस फिल्म के लिए 35 करोड़ तक चार्ज किया है. हालांकि अब ल्म प्रोड्यूसर का कहना है कि ओएमजी 2 के बजट की रिपोर्ट्स कुछ ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई हैं. इसी के साथ अक्षय कुमार ने एक भी रुपया बतौर फीस नहीं लिया है. बल्कि वह तो ऐसी साहसी, फाइनेंशियल और क्रिएटिव रिस्क वाली फिल्म में हमारे साथ चले हैं. निर्माता ने आगे कहा कि हम अक्षय कुमार के साथ एक स्टूडियो के रूप में 'ओमजी 1', 'स्पेशल 26' और 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के बाद से लंबा इतिहास और समझ साझा करते हैं. सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म गदर 2 के साथ टकराने के बावजूद ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगभग 80 करोड़ की कमाई करने में सफल रही है.

अक्षय कुमार ने समझी फिल्म की अहमियत

अक्षय के बारे में अमित ने कहा, स्क्रिप्ट को लेकर उनके काफी खुले विचार थे, उनका कहना था कि यह फिल्म बननी चाहिएऔर उनकी वजह से हम आज भी मजबूती से खड़े हैं, वरना हस्ल्र 2 कभी नहीं बन पाती. मैं अश्विन वर्दे, विपुल शाह और राजेश बह्ल से मिला था. उनके जरिए मैं अक्षय से मिला। मैं उन तक नहीं पहुंचता, तो यह स्क्रिप्ट किसी कोने में पड़ी होती.

150 करोड़ नहीं इतने में बनी है फिल्म

ओह माई गॉड 2 से जुड़े एक सोर्स ने पिंकविला को फिल्म के बजट के बारे में बताया है. सोर्स का कहना है कि फिल्म 50 करोड़ से भी कम में बनी है. यहां भी एक गलत रिर्पोट में दावा किया गया है जिसमें माना जा रहा है था कि फिल्म करीब 150 करोड़ तक में बनी है. प्रोडक्शन का खर्चा 50 करोड़ के अंदर आया है. सोर्स ने साल 2012 में रिलीज हुई ओएमजी 1 के बजट का भी खुलासा कर दिया है. सोर्स के मुताबिक ओएमजी 1 महज 25 करोड़ में तैयार हुई थी.

करण जौहर ने रिजेक्ट की थी फिल्म

अमित राय ने खुलासा किया कि फिल्म ओह एम 2 को करण जौहर, आशुतोष गोवारिकर और कई निर्माताओं ने इस स्टोरी पर काम करने से इनकार कर दिया था. बस अक्षय कुमार ही थे, जो उनके बचाव में आए और इस प्रोजेक्ट में काम करके इस फिल्म को बचाया. अमित राय ने कहा, 'क्या वे जानते भी हैं कि स्क्रिप्ट को रिजेक्ट करने के बाद हम पर क्या गुजरती है. इन तमाम निर्माताओं के रिजेक्शन के बाद अक्षय इस प्रोजेक्ट में कूदे और इसे सफल बनाया.

आकांक्षा पुरी और जैद हदीद एक दूसरे को देखकर फिर हुए बेकाबू, सामने आया किसिंग वीडियो

मुंबई, ईएमएस। बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आ चुके जेद हदीद और आकांक्षा पुरी एक बार फिर अपनी हरकतों की वजह से सुर्खियों में हैं. दरसल दोनों का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दोनों को किस करते हुए देखा गया. जेड और आकांक्षा के अलावा इस इवेंट में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की वाइफ आलिया कश्यप, पलक पुरस्वामी, आशिका भाटिया और अन्य बिग बॉस ओटीटी 2 कंटेस्टेंट भी नजर आए. हालांकि एक बार फिर पब्लिकली जद हदीद और अकांक्षा पुरी एक-दूसरे को किस करते नजर आए. ये वीडियो सामने आते ही दोनों ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं. विरल भयानी ने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें बिग बॉस ओटीटी 2 के कई पुराने कंटेस्टेंट एक साथ नजर आए. इस वीडियो में जेड और आकांक्षा फिर से एक दूसरे को किस कर बैठे. जब पैपराजी के सामने जेड ने आकांक्षा को किस किया तो इसके तुरंत बाद आकांक्षा ने भी पैपराजी के सामने जेड को उसके गालों पर किस कर लिया. दोनों ने बीबी हाउस में रहने के दौरान लिप लॉक कर खूब सुर्खियां बटोरी थीं. दोनों को किस करता देख पैपराजी इस पर रिएक्ट करते हुए कहते हें कि एक बार ओर और इस बात को सुनकर दोनों हंसने लगते हैं. अकांक्षा पुरी और जद हदीद को फिर एक-दूसरे के इतना करीब देख सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें काफी ट्रोल कर रहे हैं।

moviemagic
#Magically Refreshed
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
9:15 AM 10:15 AM
1:30 PM 3:30 PM
4:45 PM 6:30 PM
7:45 PM 9:30 PM
10:45 PM
M.I. 2D
Hindi 10 AM
BAIPAN BHAARI DEVA
MARATHI
12:30 PM
OPPENHEIMER 2D
English 7 PM
Hindi 1:15 PM 10:30 PM
BARBIE
ENGLISH
4:30 PM
SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
ADVANCE BOOKING OPEN FOR GADAR 2
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call for booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
09:00 AM | 12:15 PM | 03:30 PM
04:00 PM | 06:45 PM | 07:15 PM
10:00 PM
OPPENHEIMER
09:00 AM | 12:30 PM
10:30 PM
SR MALL Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

बॉलीवुड ने चांद पर बनाए हैं ये मशहूर गानें हर दिल में बसते हैं ये खूबसूरत नगमें

मुंबई, एजेंसी। फिल्म इंडस्ट्री में चांद पर फिल्में और गाने बनना सभी के लिए नार्मल है. पुराने ज़माने के फिल्मों से लेकर आज कल बन रही फिल्मों के गानों में चांद वर्ड का यूज राइटर जरूर करते हैं. चांद पर बना हुआ गाना फिल्म में मस्ती, प्यार, रोमांस की खूबसूरती को बयां करता है. वहीं सभी फिल्म इंडस्ट्री में हो या ना हो लेकिन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मों में रोमांटिक सीन या प्यार का एहसास करवाने के लिए चांद का जिक्र होता ही है. आज आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे सॉन्ग्स के बारे में बताएंगे जिसमें चांद वाली लाइन्स को यूज करके राइटर ने एक्टर-एक्ट्रेस के दिल में छिपे फीलिंग्स के बारे में बताते हैं.

1. 'चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो'

साल 1960 में आई फिल्म 'चौदहवीं का चांद' में प्यार का इजहार करने के लिए गाना 'चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो' आज भी फेमस है.

2. 'ये चांद सा रोशन चेहरा, जुलफो का रंग सुनहरा'

अपने प्रेमिका की तारीफ करने के लिए फिल्म 'कश्मीर की कली' का गाना 'ये चांद सा रौशन चेहरा, झुल्फों का रंग सुनहरा' काफी है. ये फिल्म साल 1964 में पर्दे पर रिलीज हुई थी.

3.'चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम'

'चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम' ये गाना 1977 की आई फिल्म हम किसी से कम नहीं है कि है और इसे लोग आज भी अपने प्यार के लिए गाते है. आपने बी कभी ना कभी तो गुनगुनाया होगा.

4. 'चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो'

फिल्म 'पाकिजा' का गाना 'चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो' भी काफी रोमांटिक सॉन्ग है. ये सॉन्ग साल 1972 में आई फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।

'शाहरुख खान के करियर की सबसे महंगी फिल्म है जवान

मुंबई, ईएमएस। सुपरस्टार शाहरुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जवान' को लेकर काफी तगड़ा क्रेज है. एक्टर के फैंस फिल्म रिलीज होने के काफी ज्यादा वेट कर रहे हैं तो वहीं, फिल्म से जुड़ा कोई भी अपडेट उनकी एक्साइटमेंट को और बढ़ा देता है. कुछ ही टाइम पहले फिल्म के प्रीव्यू और जिंदा बंदा गाने के बाद जवान का दूसरा गाना चलेया हाल ही में रिलीज किया गया था, जिसमें एक्ट्रेस के साथ किंग खान को लंबे समय के बाद रोमांस करते हुए देखा गया है. इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है कि ये शाहरुख खान की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है. रेड चिलीज द्वारा निर्मित जवान का प्रीव्यू दर्शकों को काफी पसंद आया. इसके अलावा फिल्म के दो गाने चलेया और जिंदा बंदा को भी एसआरके के फैंस ने काफी पसंद किया है.

किंग खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' को लेकर बज बना हुआ है. इस फिल्म को साउथ के जाने माने डायरेक्टर एटली कुमार डायरेक्शन दे रहे हैं. वहीं फिल्म को लेकर बताया जा रहा है कि 'जवान' शाहरुख के करियर की सबसे महंगी फिल्म है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को 300 करोड़ रुपये की लागत से बनाने की बात कही जा रही है. इसी के साथ ये भी बताया जा रहा है कि टीम एक्शन सीन्स के लिए विशाल सेट बनाने में आगे बढ़ी और ग्रीनस्क्रीन प्रारूप को छोड़ दिया और एक्शन ब्लॉक्स को बड़े सेटअप में शूट किया गया है.

फिल्म की दोबारा हुई शूटिंग

फिल्म मेकर्स ने फील को और भी ज्यादा शानदार बनाने के लिए ग्रीनस्क्रीन के बजाये बड़े सेट पर शूटिंग करना सही समझा. जिसके कारण फिल्म को रिलीज होने में टाइम लगा और इसी दोबारा शूटिंग हुई. आपको बता दें कि किंग खान के 'जवान' से साउथ सुपरस्टार नयनतारा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं. वहीं फिल्म में साउथ के फेमस एक्टर विजय सेतुपति खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं. इसी के साथ फिल्म को लेकर फैंस एक्ससाइटेड है और रिलीज होने का इन्तजार कर रहे हैं. फिल्म का संगीत जाने-माने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है. यह फिल्म सात सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो जवान बता दें कि 'जवान' 07 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है. अब तक फिल्म का प्रीव्यू आया है. साथ ही 'ज़िंदा बंदा' और 'चलेया' नाम के दो गाने रिलीज़ किए गए. बताया जा रहा है कि अगस्त के अंत तक फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ किया जाएगा. रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में शाहरुख का डबल रोल होगा।

यश भारत

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

» न्यूज गैलरी

ट्यूबवेल में छिपा था हत्या का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

जबलपुर, यशभारत। शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरी नया मोहल्ला में चरित्र संदेह को लेकर कुल्हाड़ी से हमला कर पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को पुलिस ने आज सुबह खेरी ग्राम के ट्यूबवेल से गिरफ्तार कर लिया । वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था । पुलिस द्वारा उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। उल्लेखनीय है कि शहपुरा के नया मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय रेखा चौधरी को उसका पति 48 वर्षीय कमलेश चौधरी पत्नी पर चरित्र संदेह करता था इस बीच उसका अनेक बार विवाद भी हुआ था गत सुबह जब रेखा चौधरी अपने कमरे में गहरी नींद में सो रही थी इसी दौरान पति कमलेश चौधरी कुल्हाड़ी लेकर मौके पर पहुंचा और पत्नी के ऊपर दनादन बार कर उसकी हत्या कर दी वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी करने के लिए घटना के बाद से ही उसकी तलाश करने में लगी हुई थी घटना के संबंध में पाटन एसडीओपी लोकेश डावर ने बताया कि खेरी ग्राम के एक किसान के ट्यूबवेल में आरोपी छुपा हुआ था जिसको पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

जुए के फड़ों पर छापा, 10 जुआडी गिरफ्तार, नगद 6350 रूपये जप्त

जबलपुर, यशभारत। बरगी पुलिस को सूचना मिली कि सुकरी में सोसायटी के पास बिजली के उजाले में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे हैं। मौके पर दबिश दी गई जहां कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेलते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमशः शुभम कुमार मेहरा उम्र 26 वर्ष , सुभाष पटैल उम्र 50 वर्ष , राजकुमार उर्फ गुडन पटैल उम्र 33 वर्ष, संतोष पटैल उम्र 45 वर्ष, राजया यादव उम्र 25 वर्ष सभी निवासी ग्राम सुकरी बताये जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 2860 रूपये जप्त किये गये। इसी तरह ग्राम सुकरी में दबिश देते हुये सुकरी मेन रोड पर बिजली के खम्बे के उजाले में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते हुये मनीष मेहरा उम्र 22 वर्ष, राकेश पटेल उम्र 33 वर्ष, सुनील पटैल उम्र 38 वर्ष, दुर्गेश यादव उम्र 22 वर्ष , योगेन्द्र पटैल उर्फ भूरा उम्र 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम सुकरी को पकड़ा गया जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 3490 रूपये जप्त किये गये।

बच्चों के विवाद पर युवक ने की थी आत्महत्या

जबलपुर, यशभारत। ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने वाले मामले में बच्चों का विवाद सामना आया है। विवाद के चलते युवक ने मोहल्ले के युवक द्वारा आत्महत्या के लिए प्रेरित करना पाया गया। थाना प्रभारी पनागर अजय बहादुर सिंह ने बताया कि प्रेम प्रताप सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी रेल्वे स्टेशन अधारताल ने सूचना दी थी कि वह ट्रेक मेन के पद पर पदस्थ है 2 जून की रात परियट रेल्वे पुल के पास एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन के इंजन से टकराकर खत्म हो गया है सूचना पर अज्ञात मृतक की शिनाखत्गी के प्रयास किये गये जिस पर मृतक की शिनाख्त करन दाहिया उम्र 23 वर्ष निवासी बस्ती कंदराखेड़ा के रूप में पिता नरेन्द्र ने की। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मृतक के परिजनों के बयान लिए गए जिस पर पाया गया कि राजकुमार यादव ने करन दाहिया को बच्चों के खेल के विवाद की बात को लेकर आत्महत्या करने के लिये बोलते हुये कहा कि असल बाप की औलाद है तो मर कर दिखा, इस बात से करन दाहिया को गहरा आघात पहुँचा, राजकुमार यादव द्वारा दी गई दुष्प्रेरणा को बर्दाश्त न कर करन दाहिया ने टेऊन से कट कर आत्महत्या कर ली।

हारी हुई सीटों पर 4 माह पहले उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस से आगे निकली भाजपा

डैमेज कंट्रोल से निपटने बीजेपी ने छोड़ा ब्रम्हास्त्र

नीरज उपाध्याय

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से आगे निकलते हुए 39 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। संभवतः पहली बार होगा जब भाजपा ने टिकट वितरण में इतनी जल्दबाजी दिखाई है। जो भी हो लेकिन एक बात तय है कि भाजपा ने पूरी प्लानिंग और रणनीति बनाकर हारी सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए है। एक चर्चा ये भी है कि भाजपा ने डैमेज कंट्रोल से निपटने के लिए पहले प्रत्याशी घोषित का ब्रम्हास्त्र छोड़ा है।

इससे भाजपा एक तीर से दो निशाना साधना चाह रही है। पहला निशाना घोषित प्रत्याशी को चुनाव प्रचार का पर्याप्त मौका देना साथ ही इन सीटों से दावेदारी पेश करने वाले नेताओं को शांत करना है। इधर कांग्रेस भी ऐसे सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने की तैयारी कर रही है जहां से भाजपा के विधायक है।

साउथ की टीम ने किया था सर्वे

जानकर कहते हैं भाजपा का केंद्रीय संगठन हर परिस्थिति में आगामी विधानसभा चुनाव में जीत चाहता है इसलिए जबलपुर में साऊथ की एक टीम द्वारा सर्वे कराया गया था। साऊथ की सर्वे टीम ने सबसे पहले पूर्व और बरगी में सर्वे किया और उसकी रिपोर्ट संगठन को सौंपी जिसके बाद भाजपा केंद्रीय संगठन ने जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में 39 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए।

वंशवाद- उम्र को दरकिनार किया

भाजपा लगातार कहती नजर आ रही थी कि वंशवाद और उम्र को देखकर ही उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा परंतु 39 सीटों पर भाजपा ने इन दोनों चीजों को भुला दिया। अधिकांश सीटों पर वंशवाद और उम्रदराज नेताओं को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा के अंदरखानों में ये भी चर्चा है कि सरकार बनाने के लिए भाजपा वंशवाद और उम्र के बंधन को फिलहाल टाल दिया है।

प्रशासनिक अमला असमंजस में

भाजपा की जल्दबाजी ने प्रशासनिक अमला को असमंजस में डाल दिया है। अधिकारी इस बात को लेकर हैरान है कि वर्तमान विधायक की सुने या फिर सत्ताधारी उम्मीदवार की। क्योंकि वर्तमान विधायक और भाजपा उम्मीदवारों ने अपना-अपना चुनाव प्रचार का खाका तैयार कर लिया है कुछ कार्यक्रम तो एक साथ होंगे इससे अधिकारी परेशानी में है।

भाजपा की रणनीति का हिस्सा तो नहीं

इधर जल्द उम्मीदवार घोषित करने के पीछे का कारण भाजपा की लंबी रणनीति बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा जल्द उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस के सामने मुश्किलें खड़ा करना चाहती है हो सकता है कि बीजेपी ऐन मौके पर उम्मीदवार बदल भी सकती है।

हाई वोल्टेज

ऊंट की चोरी निहुरे निहुरे

अनुराग तिवारी

हरियाली के विभाग में ऊंट की चोरी निहुरे निहुरे......वाली कहावत इन दिनों खूब चरितार्थ हो रही है मामला चंदन के पेड़ काटे जाने का है जिसको लेकर बाकायदा थाने में रपट भी दिखाई गई लेकिन हालात यह है कि की कार्रवाई के दौरान कुछ अपनों के नाम भी आ रहे हैं ऐसे में अब कार्रवाइयों में लीपापोती का दौर जारी है यह कितनी अनोखी और आश्चर्यजनक बात है जब रक्षक ही भक्षक बन बैठे तो आखिर आगामी कार्रवाइयों को अमली जामा पहनाएगा कौन ?यूं तो चंदन के पेड़ों पर रिसर्च होनी थी लेकिन बरेला के आगे स्थित विभाग में अब कार्रवाईओ की फाइल इस टेबल से उस टेबल में सरकाई जा रही है ,क्योंकि पता सबको है की पेड़ों का कत्ल कैसे किया गया और कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, लेकिन बोलने कोई भी तैयार नहीं है वहीं दूसरी ओर इन बातों को लेकर महकमों में चर्चाओं का दौर जारी है छुपी जुबान से ही सही लेकिन लोग अब यह कहने से नहीं कतराते कि आखिर भेद खुल गया तो इसकी भरपाई करेगा कौन? वही बड़े साहब के भी अपने जलवे हैं जो पूरे मामले को ही अपने रसूक में दवा देना चाहते हैं । क्योंकि अगर मामला पूरा-पूरा खुल गया तो बहुतों की वर्दियां दागदार हो जाएगी तो वही महकमें की बदनामी होगी सो अलग7 सबको अब इस बात की चिंता है की कहीं ना कहीं इन कार्रवाइयों में अगर उनका नाम आ गया तो हालत डावाडोल होते देर न लगेगी। जिसके चलते अब फिल्म की नवीन कहानी और उसकी पटकथा नए सिरे से तैयार की जा रही है ,ताकि समय के साथ लोग इस कांड को भी भूल जाएं ।वही कार्रवाई कर रही टीम का मानना है कि आज नहीं तो कल मामले का खुलासा जरूर होगा जिसके चलते कर्मचारियों में भी हड़कंप की स्थितियां हैं । खैर मौसम सुहाना है और बड़े साहब इन वादियों में हुए कांड की नई कहानियां लिखने में मसरूफ है अब देखना यह है कि आखिर कब ऊंट पहाड़ के नीचे आएगा।

शहर पहुंचे सीएम, स्व. सुभाषचंद्र बैनर्जी की प्रतिमा का किया अनावरण

जबलपुर, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर जबलपुर पहुंचे। सीएम ने सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा के ससुर और पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी के पति स्वर्गीय सुभाषचंद्र बैनर्जी की प्रतिमा का अनावरण किया। सीएम के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल,राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक, सासंद राकेश सिंह, कैंट विधायक अशोक रोहाणी, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल सहित अन्य नेता मौजूद थे। मूर्ति अनावरण के बाद सीएम स्व बनर्जी की संगोष्ठी कार्यक्रम में भी शामिल हुए जो कि मानस भवन में आयोजित हुई। मालूम हो कि जे.पी नड्डा के ससुर स्वर्गीय सुभाष चंद्र बनर्जी 1951 से भारतीय जन संघ के सदस्य रहे हैं, जिनकी प्रतिमा सिविल लाइन लोहिया पुल के पास लगाई गई है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के ससुर स्वर्गीय सुभाषचंद्र बनर्जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी लंबे समय तक काम किया है। 1967 में वे जबलपुर से लोकसभा का चुनाव भी लड़े थे, हालांकि उन्हें जीत हासिल नहीं हो पाई थी। स्वर्गीय सुभाषचंद्र बैनर्जी लगातार भारतीय जनसंघ और भाजपा में सक्रिय रहे। स्वर्गीय सुभाषचंद्र बनर्जी जबलपुर की पूर्व सांसद जय श्री बनर्जी के पति थे।

मजदूर की मौत मामले पर ठेकेदार को कोर्ट ने किया बरी

जबलपुर, यशभारत। पांचवी मंजिल से गिरने से हुई मजदूर की मौत मामले में आरोपी बनाए गए ठेकेदार को पूरे 9 साल बाद न्याय मिला। कोर्ट ने घटना पर ठेकेदार की गलती न मानते हुए बरी कर दिया। फरियादी अनिल कुमार साहू के विरुद्ध विजय नगर थाना द्वारा एक प्रकरण में आरोपी बनाया गया था जिसे अभियोजन अपना पक्ष प्रमाणित कर सकने में पूर्ण रूप से अक्षम अथवा असफल रहा वह एक भी गवाह न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं करा सका आखिर में माननीय न्यायालय द्वारा आईजी के माध्यम से भी साक्षीयो के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए किंतु पुलिस फरियादी गण को न्यायालय में उपस्थित कराने में पूर्ण रूप से असफल रही आरोपी के अधिवक्ता राजेश पंजवानी द्वारा न्यायालय के समक्ष तर्क दिए गए कि भवन में तीसरी मंजिल पर प्लास्टर का कार्य चल रहा था और ठेकेदार द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था जैसे बाहर जाल तथा बेलदारों के लिए हेलमेट और जूते सुरक्षा के रूप में प्रदान किए गए थे, लटक कर कार्य करने के लिए हुक की व्यवस्था थी निर्माणाधीन भवन की पांचवी मंजिल में कोई भी कार्य नहीं चल रहा था किंतु मृतक बगैर किसी कार्य के पांचवी मंजिल पर चला गया था और वहां फोन पर बात करते हुए ओटीएस से नीचे गिर गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई अतः उपरोक्त संदर्भ में आरोपी अनिल कुमार साहू का कोई भी दोष नहीं था अपितु मृतक स्वयं जिम्मेदार था अधिवक्ता राजेश पंजवानी के तर्क को उचित मानते हुए न्यायालय ने आरोपी अनिल कुमार साहू को प्रकरण से दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया। प्रकरण में राजेश पंजवानी अधिवक्ता और मनोज सनपाल अधिवक्ता ने पैरवी की।

आटो के पलटने एक की मौत

जबलपुर, यशभारत। थाना मझौली में परमू भूमिया ने सूचना दी कि मझौली से खाद लेकर नये बिना नम्बर के छोटा हाथी आटो से सुम्मेरा बसोर के साथ जा रहा था। बचैया रोड में महादेव पैलेस के पास आटो पहुँचा तभी आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसे दाहने हाथ की गदेली में साधारण चोट आयी तथा सुम्मेरा बसोर को सिर एवं शरीर में चोट आई थी।

संतरी को चकमा दे दीवार फांद व्हीएफजे में घुसे चोर

सुरक्षा विभाग ने तीनों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

जबलपुर ,यशभारत। गत दिवस व्हीएफजे में तीन चोर रात के अंधेरे में फैक्ट्री के बाहर लगे एक झाड़ पर रस्सी के सहारे फैक्ट्री की दीवार फांद कर निर्माणी के अंदर कूद गए।चोर जहां से फैक्ट्री में कूदे वहां झाड़ियां होने के कारण संतरी को पता नहीं चला।लेकिन जैसे ही वह सामान बटोरने के फिराक में थे तभी राउंड पर निकले सुरक्षा विभाग और बंदूक धारी संतरी ने उन तीनों को दबोच लिया और बाद में उन्हें रांझी थाने के हवाले कर दिया।पुलिस उनसे और चोरियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्हीएफजे के रिछाई वाले गेट के समीप रेल लाइन से पास लगे एक झाड़ पर रस्सी बांध कर तीन चोर रात करीब बारह बजे के आसपास जब पानी गिर रहा था फैक्ट्री के अंदर कूद गए।चूंकि पानी और हवा चल रही थी झाड़ियों के कारण संतरी को दिखाई नहीं दिया।लेकिन उसी समय सुरक्षा विभाग की टीम निकली जिसकी नजर उन पर पड़ गई और उन्हें दबोच लिया।बाद में उन्हें रांझी पुलिस के हवाले कर दिया।जानकारी के अनुसार पकड़े गए दो चोर रिछाई निवासी अरुण गोंटिया और सचिन गोंटिया है जबकि तीसरा अंगद कोल है।फिलहाल पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बुरे हाल

ब्लड चढ़वाना है तो 100 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है

जबलपुर यशभारत। शहर में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लगातार बेहतर बनती जा रही है, स्वास्थ्य विभाग लगातार शहर के सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बनाने में जुटा है पर दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल होती चली जा रही है। जिले में तहसील व ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में मरीज को ब्लड चढ़ाने का इंतजाम नहीं है। दुर्घटना में या रक्त की कमी के कारण रूटीन में ब्लड चढ़ाने की जरूरत पड़ जाए तो मरीज को अस्सी से सौ किलोमीटर तक का सफर तय कर जबलपुर आना पड़ता है। कई बार दुर्घटना में घायल मरीज की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

जबलपुर आने में खर्च के साथ परेशानी भी

मरीजों को खून चढ़ाने के लिए तहसील व ब्लॉक के अस्पतालों से सीधे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल, विक्टोरिया जिला अस्पताल व रानी दुर्गावती अस्पताल में भेज दिया जाता है।

ग्रामीण इलाकों में जागरुकता की कमी

ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्तदान शिविर नहीं लगाए जाते हैं। ब्लॉक व पंचायत स्तर पर रक्तदाताओं की सूची भी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के शिविर शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित है। जागरूकता की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले कई मरीजों के रिश्तेदार ब्लड देने तैयार नहीं होते हैं।

यहां कोई इंतजाम नहीं

जिले में 21 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 2 सिविल अस्पताल व 203 सिविल अस्पताल हैं। इनमें से सिहोरा सिविल अस्पताल, पाटन, पनागर, मझौली, शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड स्टोरेज यूनिट बनाई गई थी। जहां पर ब्लड स्टोरेज के लिए फ्रीजर उपलब्ध कराए गए थे। यहां पर हर ग्रुप का दो से तीन यूनिट ब्लड उपलब्ध रखने का इंतजाम था। लेकिन इन पांच में से केवल पाटन अस्पताल में ब्लड चढ़ाया जा रहा है। जबकि सिहोरा सिविल अस्पताल में एक साल के दौरान केवल दो लोगों को ब्लड चढ़ाया गया। शहपुरा, मझौली, पनागर अस्पताल में ब्लड नहीं चढ़ाया जा रहा है।

> हम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में जुटे हैं, ग्रामीणों को ब्लड चढ़वाने शहर आना न पड़े इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जहां स्टाफ की कमी है वहां शासन को पत्र लिखकर इस समस्या को दूर किया जाएगा।
>
> **डॉ. संजय मिश्रा, सीएमएचओ**

मूंग हेराफेरी मामला

1 अरब 68 करोड़ का अटका है भुगतान,एफ आई आर के 10 दिन कार्रवाई शून्य

न किसानों का भुगतान न जिम्मेदारों पर कार्रवाई

जबलपुर, यशभारत। मझौली के सियाराम वेयरहाउस में कार्रवाई हुए 10 दिन का समय बीत गया है। उसके बाद भी सिर्फ जांच चल रही है, कोई कार्रवाई होते नहीं दिख रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि जांच के नाम पर किसानों का भुगतान रोक दिया गया है। जब से मामला सामने आया है किसानों को एक रुपए का भी भुगतान नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक 58त्न किसानों का भुगतान अटका हुआ है, जिसकी राशि लगभग 1अरब 68 करोड़ 39 लाख रुपए है। जिसका भुगतान होना शेष है।

यशभारत फॉलोअप

सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें

किसानों को भुगतान ना होने की स्थिति में भुगतान के लिए परेशान किसानों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की है जोकि लगातार बढ़ती जा रही हैं। जो जबलपुर से लेकर भोपाल तक अधिकारियों के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं। उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी न तो भुगतान शुरू कर रहे हैं ना ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

फैक्ट फाइल

कुल खरीदी गई मात्रा
3 लाख 80 हजार क्विंटल

स्वीकृत की गई मात्रा
2 लाख 75 हजार क्विंटल

किसानों को भुगतान
13अरब 26 करोड़ 51 लाख रुपए

किसानों का लंबित भुगतान
13अरब 68करोड़ 39 लाख रुपए

दीपक पटेल है या लोधी

सियाराम वेयरहाउस से उजागर हुए मूंग के मामले को 10 दिन का समय बीत चुका है । जानकारी के मुताबिक इसी माह की 9 तारीख को घनश्याम पटेल, दीपक पटेल, आकाश बिटले के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। लंबा समय बीत जाने के बाद भी तीनों ही लोगों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है इसके अलावा इनकी संस्थाओं से इनके विषय में कोई दस्तावेज भी प्राप्त नहीं हुए हैं। यश भारत द्वारा पूर्व में 2 कर्मचारियों को शासकीय सेवा में होने का समाचार प्रकाशित किया था। जो एफआईआर में दीपक पटेल का नाम है वह अमर लता एफपीओ में कंप्यूटर ऑपरेटर बताया जा रहा है। जबकि उसका वास्तविक नाम दीपक पटेल नहीं दीपक लोधी होनें की जानकारी प्राप्त हो रही है। लेकिन एफ आई आर में उसका नाम पटेल लिखा हुआ है। यदि पुलिस पटेल या लोधी की वास्तविकता को सामने लाती है तो फिर एक और बड़ा खुलासा सामने आएगा।

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रेटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑफ्थल्मोलॉजिस्ट
नौदरा ब्रिज, जबलपुर
मो. 76102-76101, 9119-99828
उपलब्ध सुविधायें
+ रेटिना (आँख के परदे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
+ मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
+ ICL/IPCL- चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
+ न्यूरो- ऑफ्थल्मोलॉजी
+ समय से पहले जन्मे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
+ लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL, Lris Claw Lens)

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लक्ष्मी विजयनगर में सिंगल फ्लैट उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022

"A name of Quality Education" ESTD-2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
एडमीशन ओपन
➡ नर्सरी से क्लास फर्स्ट तक टोटल एडमिशन फ्री (लिमिटेड शीट्स)
➡ मिडिल क्लासेस से ही कॉम्पिटेटिव एग्जाम की तैयारी
➡ एग्रीकल्चर सहित सभी विषय उपलब्ध है।
ब्रांच - अधारताल/गोहलपुर
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100 प्रतिशत रिजल्ट।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
हॉस्टल+ बस सुविधा
Dr. Vijay Kant Tiwari (Director)
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर- 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर - 9111009016, 0761-4111321
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय,
संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)